की ओर और पूर्वी कोना मध्य हिन्दुस्तान में ग्वालियर रियासत की ओर है। राजपूताने के उत्तर में भावलपुर रियासत और पन्जाब, पूर्व में संयुक्त प्रान्त और मध्य हिन्दुस्तान, दक्षिण में कच्छ की खाडी, गुजरात और मालवा और

पश्चिम में सिन्ध प्रान्त हैं। पन्जाबी, आगरेवाले, गुजराती, सिन्धी, मालवी अपने पडोसी हैं। क्या तुमने कभी इन लोगों को अपने शहर मे या अन्य जगह देखा है ?

पुराने समय में यानी लगभग ८००-९०० वर्ष के पहिले राजपूत

। राजा उत्तरी हिन्दुस्तान में राज्य करते थे। उस समय राजपूताने में वहुत ही कम आवादी थी। वे आदि निवासी भील, मेने थे। अब भी हिन्दुस्तान

नकशा न० १

के अन्य प्रान्तो की अपेक्षा राजपूताने में वहुत कम आवादी है। जब मुसलमानो ने उत्तरी हिन्दुस्तान के राजपूत राजाओं पर हमला किया तब उनसे बचने के लिये वे राजपूत राजा इस ऊजड भूमि पर आए और उन्होंने अपने अपने राज्य और राजधानियाँ स्थापित कीं। इसलिये हिन्दुस्तान का यह भाग

राजपूताना कहलाया, राजपूताने में कई राजपूत रियासतें हैं और बीचोबीच एक छोटा हिस्सा अंगरेज़ी प्रान्त है जिसे अजमेर मेरवाडा कहते हैं।

प्रश्न

१—राजपूताना कौन से बडे देश में स्थित है और किस दिशा में ?

२—राजपूताने के पडोसी कौन से प्रान्त हैं ? अपनी कक्षा में खडे होकर हाथ के सकेत द्वारा उनकी दिशा बतलाओ।

३—तुम्हारा प्रान्त राजपूताना क्यो कहलाया ?

अभ्यास

१—नकशा नम्बर १ में पूर्वी कोने से पश्चिमी कोने तक तथा दक्षिणी कोने से उत्तरी कोने तक दो रेखाएँ खीची हुई है। नकशे में पैमाना भी दिया हुआ है। इन दोनो रेखाओ को नापो और बताओ कि राजपूताना पूर्व-पश्चिम तथा दक्षिण-उत्तर कितना लबा है।

२—यदि तुम प्रति दिन २० मील सफर करो तो राजपूताने के पश्चिमी कोने से ठीक पूर्वी कोने तक कितने दिनो में पहुँचोगे ?

उसी प्रकार दक्षिणी कोने से उत्तरी कोने तक कितने दिनो में पहुँचोगे ?

३—दूसरे अभ्यास में दी हुई यात्रा में पश्चिम से पूर्व तक तथा दक्षिण से उत्तर तक कौन कौन सी रियासतो में होकर तुम्हें जाना होगा यह नम्बर १ के नकशे में देखकर बताओ।

४ *—सिन्धी, पञ्जाबी, गुजराती, आगरेवाले वगैरह लोगो के (स्त्री, पुरुपो के) चित्र जितने तुम्हे मिलें उन्हें इकट्ठा करो और उनको गोर से देखो। उनकी पोशाक कैसी है, सिर पर ओढने की पगडी, साफा या टोपी कैसी है इत्यादि बातो पर ध्यान दो और यह बताओ कि तुम्हारी पोशाक उनकी पोशाक से किस प्रकार भिन्न है। इकट्ठे किये हुए चित्रो को अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो और ऊपर लिखो "हमारे पड़ोसी"।

* अध्यापक हिन्दुस्तान के अन्य प्रान्तीय लोगो के चित्र इस सिलसिले में छात्रो को बतावें और उन पर तुलनात्मक प्रश्न पूछें।

दूसरा अध्याय

राजपूताने की प्राकृतिक दशा

क्या तुम्हारे शहर के या गॉव के आस-पास सब जगह भूमि सम-चौरस है ? नहीं, वह सब जगह एक सी नहीं होगी । कहीं नीची होगी, कही ऊँची होगी, कहीं वर्षा का पानी जमा होकर तलाई बनती होगी, और आस-पास कोई टेकडी या पहाडी भी होगी । इसी प्रकार राजपूताना भी सब जगह एक सा ऊँचा-नीचा नहीं है । **भूमि को कुदरती बनावट के वर्णन को प्राकृतिक दशा कहते हैं ।**

पृष्ठ ६ पर नकशा नम्बर २ और पृष्ठ ७ पर राजपूताने का उभरा हुआ नकशा ध्यान पूर्वक देखो । तुमको सरसरी तौर से राजपूताने के तीन भाग नजर आवेंगे ।

१—बीच में एक पहाड जिसे **अरवली या आडावाला** कहते हैं ।

२—अरवली पहाड का **पश्चिमी** भाग जो अधिकतर मैदान है ।

३—अरवली पहाड का **पूर्वी** हिस्सा जो पश्चिमी भाग की तरह मैदान नहीं है किन्तु पहाडी और पथरीला है । इसमें यह एक विशेषता है कि उसमें चोटीदार पहाडियां कम हैं और उसका अधिकतर हिस्सा चबूतरे की तरह समचौरस काला है । ऐसे भाग को **पठार** कहते हैं ।

मध्य का अरवली पहाड़—अरवली पहाड दक्षिण में आबू की चोटी से लगाकर उत्तर-पूर्व की ओर लगभग देहली तक चला गया है। आबू से अजमेर तक अरवली पहाड़ ऊँचा, चौडा और अटूट है। इस पहाड की औसत ऊँचाई, लगभग ३००० फीट है। कुछ चोटियाँ ३००० फीट से अधिक ऊँची हैं जिनमें सब से ऊँची चोटी दक्षिण में आबू पहाड में है जिसे गुरुशिखर

नकशा न० २

कहते हैं। वह समुद्र तट से ५६५० फीट ऊँची है। इस पहाड पर कहीं कहीं

दर्रे भी हैं जिनसे एक ओर से दूसरी ओर जा सकते हैं। इस हिस्से में वर्षा अच्छी होने के कारण नदी, नाले और झरने बहुत से हैं। पेड़ पौधों से भी हरा-भरा दिखाई देता है। वर्षा होने पर पूर्वी और पश्चिमी ढालों की नदियाँ

राजपूताने का उभरा हुआ नकशा

(Drawn by Kanu Ram, Class VIII, D H School)

भर जाती हैं परन्तु उनमें से बहुत सी वर्षा के बाद कुछ समय में सूख जाती

हैं। अरवली के पूर्वी ढाल की मुख्य नदी **पूर्वी बनास** है जो चम्बल नदी में जा मिलती है और जिसकी मुख्य सहायक नदियाँ **खिड़च** और **कोटरी** हैं। पश्चिमी ढाल पर **लूनी** और उसकी सहायक नदियाँ इसी पहाड़ से निकली हैं। दक्षिण की ओर **माही** और **पश्चिमी बनास** नदियाँ हैं। पश्चिमी बनास अरवली पहाड़ से ही निकलती है। लूनी, पश्चिमी बनास और माही कच्छ की खाड़ी में जा गिरती हैं।

अजमेर से उत्तर की ओर अरवली पहाड का सिलसिला कई जगह टूटा हुआ है। वह इतना ऊँचा और चौडा भी नहीं है, जितना अजमेर से दक्षिणी भाग में है। इस उत्तरी भाग में दो दो या तीन तीन मील की दूरी पर पहाडी टीले से बने हुए हैं। जिनके बीच में रेतीले मैदान आ गये हैं। इस हिस्से में वर्षा साधारण ही होती है और वह भी पूर्व की ओर। **बानगंगा** नदी पूर्व की ओर बहती हुई संयुक्त प्रान्त में जाकर यमुना नदी में जा गिरती है। पश्चिम की ओर वर्षा की कमी के कारण कोई खास नदी नही है।

पश्चिमी मैदान—यह अरवली ढाल के पश्चिम भाग से शुरू होकर पश्चिम की ओर सिन्ध तक और उत्तर की ओर भावलपुर तक चला गया है। राजपूताने का आधे से अधिक हिस्सा इस भाग में है। इस भाग मे वर्षा के अभाव के कारण मीलों तक रेत ही रेत दिखाई देती है। बीच बीच में कई जगह रेत के बड़े बड़े टीबे होते हैं जो एक जगह से दूसरी जगह हवा के ज़ोर से चले जाते हैं (नकशा नम्बर ६; पृष्ठ नं० ३५ देखो) जैसलमेर और जोधपुर के पास तीन-चार सौ फीट ऊँची पहाडियाँ भी हैं। इस भाग के पूर्वी हिस्से में लूनी और उसकी सहायक नदियाँ बहती हैं। मारवाड, बीकानेर और

जैसलमेर इस भाग की मुख्य रियासतें हैं। सिरोही और जयपुर का थोड़ा सा हिस्सा भी इस भाग में स्थित है।

अरवली पहाड़ का पूर्वी भाग—यह भाग दक्षिण-पूर्व की ओर मालवा के पठार तक तथा उत्तर-पूर्व की ओर गंगा और जमना नदियों के मैदान तक चला गया है। यह पश्चिमी भाग की तरह रेतीला मैदान नहीं है। किन्तु दक्षिण-पूर्व की ओर पथरीला और पठारी है, जिसे **हाडोती का पठार** कहते हैं। इस भाग में **चम्बल** नदी और उसकी सहायक नदियाँ बहती हैं। चम्बल नदी मालवा से निकलता है और संयुक्त प्रान्त में जाकर जमना नदी में गिरती है। चम्बल नदी की सहायक नदियों में मुख्य **बनास, काली सिन्ध** और **पार्वती** हैं। **काली सिन्ध** और **पार्वती** मालवा से निकल कर चम्बल नदी में दाहिने किनारे पर मिलती हैं और **बनास** अरवली पहाड़ के पूर्वी ढाल से निकल कर चम्बल में बाएँ किनारे जा मिलती है। इस दक्षिणी-पूर्वी भाग में झालावाड, बूँदी, कोटा रियासतें स्थित हैं और टोंक रियासत का भी कुछ हिस्सा इस भाग में पडता है। हाडोती पठार का उत्तरी पूर्व भाग गंगा और जमना के मैदान की तरह समचौरस नहीं है किन्तु जगह जगह पहाडी है। उत्तर की ओर पहाड और पहाडियाँ कम होती जाती हैं और आगे चल कर यह गंगा और जमना के मैदान से मिल गया है। इस भाग में बहने वाली मुख्य नदियाँ **चम्बल, बनास** और **बानगंगा** हैं। इन नदियों के बहाव से तुम मालूम कर सकते हो कि जमीन का ढाल किस दिशा में है।

झीलें—राजपूताने में मीठे पानी की कोई प्राकृतिक (कुदरती)

हैं। अरवली के पूर्वी ढाल की मुख्य नदी **पूर्वी बनास** है जो चम्बल नदी में जा मिलती है और जिसकी मुख्य सहायक नदियाँ **बिडंच** और **कोठरी** हैं। पश्चिमी ढाल पर **लूनी** और उसकी सहायक नदियाँ इसी पहाड से निकली हैं। दक्षिण की ओर **माही** और **पश्चिमी बनास** नदियाँ हैं। पश्चिमी बनास अरवली पहाड़ से ही निकलती है। लूनी, पश्चिमी बनास और माही कच्छ की खाडी में जा गिरती हैं।

अजमेर से उत्तर की ओर अरवली पहाड का सिलसिला कई जगह टूटा हुआ है। वह इतना ऊँचा और चौड़ा भी नहीं है, जितना अजमेर से दक्षिणी भाग में है। इस उत्तरी भाग में दो दो या तीन तीन मील की दूरी पर पहाडी टीले से बने हुए हैं। जिनके बीच में रेतीले मैदान आ गये हैं। इस हिस्से में वर्षा साधारण ही होती है और वह भी पूर्व की ओर। **बानगंगा** नदी पूर्व की ओर बहती हुई संयुक्त प्रान्त में जाकर यमुना नदी में जा गिरती है। पश्चिम की ओर वर्षा की कमी के कारण कोई खास नदी नहीं है।

पश्चिमी मैदान—यह अरवली ढाल के पश्चिम भाग से शुरू होकर पश्चिम की ओर सिन्ध तक और उत्तर की ओर भावलपुर तक चला गया है। राजपूताने का आधे से अधिक हिस्सा इस भाग में है। इस भाग मे वर्षा के अभाव के कारण मीलों तक रेत ही रेत दिखाई देती है। बीच बीच में कई जगह रेत के बड़े बड़े टीबे होते हैं जो एक जगह से दूसरी जगह हवा के ज़ोर से चले जाते हैं (नकशा नम्बर ६, पृष्ठ नं० ३५ देखो) जैसलमेर और जोधपुर के पास तीन-चार सौ फीट ऊँची पहाड़ियाँ भी हैं। इस भाग के पूर्वी हिस्से में लूनी और उसकी सहायक नदियाँ बहती हैं। मारवाड, बीकानेर और

जैसलमेर इस भाग की मुख्य रियासतें हैं। सिरोही और जयपुर का थोडा सा हिस्सा भी इस भाग में स्थित है।

अरवली पहाड़ का पूर्वी भाग—यह भाग दक्षिण-पूर्व की ओर मालवा के पठार तक तथा उत्तर-पूर्व की ओर गंगा और जमना नदियों के मैदान तक चला गया है। यह पश्चिमी भाग की तरह रेतीला मैदान नहीं है। किन्तु दक्षिण-पूर्व की ओर पथरीला और पठारी है, जिसे **हाडोती का पठार** कहते हैं। इस भाग मे **चम्बल** नदी और उसकी सहायक नदियाँ बहती हैं। चम्बल नदी मालवा से निकलता है और संयुक्त प्रान्त में जाकर जमना नदी में गिरती है। चम्बल नदी की सहायक नदियों में मुख्य **बनास, काली सिन्ध** और **पार्वती** है। **काली सिन्ध** और **पार्वती** मालवा से निकल कर चम्बल नदी में दाहिने किनारे पर मिलती हैं और **बनास** अरवली पहाड़ के पूर्वी ढाल से निकल कर चम्बल में बाएँ किनारे जा मिलती है। इस दक्षिणी-पूर्वी भाग में झालावाड़, बूँदी, कोटा रियासतें स्थित हैं और टोंक रियासत का भी कुछ हिस्सा इस भाग में पडता है। हाडोती पठार का उत्तरी पूर्व भाग गंगा और जमना के मैदान की तरह समचौरस नहीं है किन्तु जगह जगह पहाडी है। उत्तर की ओर पहाड और पहाडियाँ कम होती जाती हैं और आगे चल कर यह गंगा और जमना के मैदान से मिल गया है। इस भाग में बहने वाली मुख्य नदियाँ **चम्बल, बनास** और **बानगंगा** हैं। इन नदियों के बहाव से तुम मालूम कर सकते हो कि जमीन का ढाल किस दिशा में है।

झीलें—राजपूताने में मीठे पानी की कोई प्राकृतिक (कुदरती)

वडी झील नहीं है परन्तु कृत्रिम (बनाई हुई) कई हैं जिनमें वर्षा ऋतु में पानी पीने के लिये अथवा खेती के लिये इकट्ठा हो जाता है। कृत्रिम झीलों में मेवाड का जयसमन्द उल्लेख करने के योग्य है जो दो पहाडों के बीच में एक बड़ा बन्ध बाँध कर मनुष्य का बनाया हुआ बहुत बडा तालाब है। इतना बडा कृत्रिम तालाब केवल राजपूताने में ही नही किन्तु दुनिया भर में

बाल समद, जोधपुर

(Photo by the courtesy of M C Soni)

यह एक वडी कृत्रिम झील है जहाँ से शहर मे नलो द्वारा पानी लाया गया है। झील के बाध पर एक महल बना हुआ है।

कहीं अन्य जगह नहीं है। क्या तुम्हारे गाँव में या शहर मे कोई कृत्रिम झील है?

प्राकृतिक खारे पानी की झीलों में सब से बडी साँभर झील है जो पूरी भर जाने पर लगभग २० मील लम्बी और ५-६ मील चौडी होती है। वह कही भी ४-५ फीट से अधिक गहरी नही है। इस झील से प्रति वर्ष कई मन निमक निकाला जाता है। जोधपुर (मारवाड) और जयपुर रियासतों की सीमा पर यह स्थित है।

प्रश्न

१—राजपूताने के कितने प्राकृतिक भाग बना सकते हो? प्रत्येक भाग का थोडा वर्णन दो।

२—राजपूताने की सबसे बडी नदी कौन सी है? वह कहाँ से निकली है, किस जगह गिरती है और उसमें मिलने वाली मुख्य नदियाँ कौन सी है? साथ में नदी का चित्र भी बनाओ।

३—राजपूताने की (अ) कौन सी नदियाँ नदियों में और (ब) कौन सी समुद्र में गिरती है?

४—राजपूताने के पूर्वी भाग की अपेक्षा पश्चिमी भाग मे नदियाँ कम क्यो है?

५—भरतपुर, अलवर, डुंगरपुर, टोक और करोली रियासते कौन से प्राकृतिक भाग में स्थित है? पृष्ठ ३, नकशा न० १ देख कर उत्तर दो।

अभ्यास

१—नम्बर २ का पतला नकशा लेकर नम्बर १ के नकशे पर बराबर जमा दो, और बताओ कि चम्बल नदी और उसकी सहायक नदियाँ किन किन रियासतो में होकर गुजरती है।

२—दो नम्बर के नकशे को देखो। क्या कोई उसमें ऐसी भी नदी है कि जो किसी समुद्र या नदी में न गिरती हुई भूमि में ही गुप्त हो जाती है? उसका नाम पढो और बताओ कि वह कौन सी रियासत में है। (१ नम्बर के पतले नकशे से काम लो)। क्या तुम कह सकते हो कि वह जमीन में ही क्यो गुप्त हो जाती है?

३* --अपने स्कूल या खेल के मैदान में राजपूताने का खाका खींचो और उसमें पत्थर और रेत की सहायता से प्राकृतिक भाग बना दो। मुख्य नदियों के लिये एक लकड़ी से रेखाएँ खींच दो। (खाके की उत्तर-दक्षिण दिशा ठीक उत्तर-दक्षिण में हो।)

४†* --जिस दिन वर्षा हो जाय अपने स्कूल के आस पास या दूर चले जाओ और निम्नलिखित बातें गौर से देखो--

(अ) पानी एक जगह से दूसरी जगह कैसे बहता है और नदियाँ किस प्रकार बनती हैं।

(ब) पानी भूमि को किस प्रकार काटता है।

(क) पानी रेत और मिट्टी को ले जा कर उनको किस प्रकार जमा करता है।

(ड) गड्ढों में पानी किस प्रकार जमा हो जाता है और झीलें कैसे बनती हैं।

---

* पूरी क्लास को ले जाकर अध्यापक ये अभ्यास करावें।

† नं० ४ में अध्यापक छात्रों से पूछें कि राजपूताने की नदियाँ भी ऐसा ही काम करती होंगी या नहीं।

तीसरा अध्याय

जलवायु—१ (सर्दी-गर्मी)

हम देखते हैं कि साल में कई दिन हम ऊनी गरम कपडे पहिनते हैं, रात को लिहाफ ओढ कर कमरे में सोते हैं। कई दिन बरामदे में अथवा खुली हवा में छतों पर सोते हैं, सूती और पतले कपडे पहिनते हैं। दोपहर के बदले सुबह मदरसे पढने जाते हैं। कभी बादल हो जाते हैं, कभी वर्षा होती है। कभी ठंडी हवा चलती है, कभी गरम, कभी तेज और कभी हलकी। इससे यह ज्ञात होता है कि **हवा हमेशा एकसी गर्म ठंडी, तर और तेज नहीं होती**

हम यह भी देखते हैं कि लोग शिमला, मन्सूरी आदि ठंडा जगह जाकर रहते हैं जब कि हमारे यहाँ कडी गर्मी पड़ती है। और यह भी सुनते हैं कि हमारे शहर या गॉव के नजदीक किसी एक दूसरे गॉव या शहर में बडी जोरों की वर्षा हुई जब कि हम वर्षा के लिये तरस रहे थे। इससे दूसरी यह बात सिद्ध होती है कि **एक ही समय या ऋतु में सब जगह हवा एक सी गर्म, ठंडी या तर नहीं होती।** कहीं ज्यादा गर्मी, कहीं कम और कहीं ठंड पडती है। कहीं ज्यादा वर्षा, कहीं कम और कहीं बिलकुल ही नहीं होती। **जब हम किसी स्थान की सालभर की सर्दी, गर्मी तथा वर्षा (तरी) का वर्णन करते हैं तब उसे वहाँ का जलवायु कहते**

हैं। जिस देश में सालभर में अधिक दिनों तक गर्मी रहे और वर्षा नहीं हो, तो वहाँ का जलवायु गर्म और सूखा कहलाता है। जलवायु सालभर के गर्मी-सर्दी तथा वर्षा पर निर्भर रहता है।

पहिले हम सर्दी गर्मी का विचार करें। हवा सूर्य के कारण गर्म हो जाती है। दिन में हवा गर्म हो जाती है और रात पड़े वह ठंडी होने लगती है। तुम जानते हो कि रोज सवेरे सूर्य पूर्व की ओर निकलता है और आसमान में चढ़कर शाम पड़े पश्चिम की ओर छिप जाता है। ज्यों ज्यों सूर्य आसमान में चढ़ता जाता है त्यों त्यों हवा की गर्मी बढ़ती जाती है और जब सूर्य ढलने लगता है, हवा भी ठंडी होने लगती है। क्या तुमने कभी यह भी देखा है कि सूर्य हमेशा नियत समय पर और पूर्व की ओर नियत स्थान पर नहीं निकलता और शाम को नियत समय पर और नियत स्थान पर नहीं छिपता ? होली के बाद सूर्य रोज थोडा थोडा जल्द निकलता है और शाम को थोडी थोडी देर में छिपता है। जिन दिनों में सूर्य जल्दी निकल कर देर में छिपता है, दिन का समय (दिनमान) बडा होता है और रात छोटी होती है। अर्थात् दिन के २४ घंटों में से १२ घंटों से बडा दिन और १२ घंटो से छोटी रात होती है। २१ जून को सालभर में सब से बडा दिन और सब से छोटी रात होती है। इसके विपरीत सितम्बर महीने के बाद दिन छोटा होता जाता है और रात बडी होती जाती है। २३ दिसम्बर को सब से छोटा दिन और सब से बडी रात होती है।

मार्च से लगाकर सितम्बर तक दिन का समय रात की अपेक्षा बडा

होता है और उस समय सूर्य की किरणें भी अधिक सीधी और तेज होती हैं। सितम्बर से मार्च तक रात का समय दिन से बड़ा होता है और सूर्य की किरणें भी इतनी सीधी और तेज़ नहीं होतीं जितनी मार्च से सितम्बर तक होती हैं। ऐसी दशा में तुम कह सकते हो कि साल के कौन से महीनो में गर्मी की ऋतु होगी और कौन से महीनों में सर्दी की। **हवा की सर्दी-गर्मी दिन के छोटे बड़े होने पर तथा सूर्य की किरणों पर निर्भर होती है।**

दूसरी बात यह है कि जगह जितनी ऊँची होती है उतनी अधिक वह ठंडी होती है, यही कारण है कि आबू पहाड आसपास के मैदान की अपेक्षा अधिक ठंडा है।

हवा की गर्मी जमीन की दशा पर भी निर्भर होती है। रेतीली जमीन दिन मे शीघ्र ही गर्म हो जाती है और हवा को जल्दी गरम कर देती है। और रात पडे रेत जल्दी ठंडी हो जाती है और हवा को भी ठंडी कर देती है। इसी कारण रेतीले मुल्को मे दिन में कडी गर्मी और रात में ठंडक हो जाती है यहाँ तक कि सर्दी की ऋतु में कभी कभी पाला पड जाता है और सूर्य के निकलने पर पिघल जाता है। **दिनरात की लम्बाई, सूर्य की किरणें, जगह की ऊँचाई और जमीन की दशा पर हवा की सर्दी-गर्मी निर्भर होती है।**

अब हम देखें कि राजपूताने में सर्दी-गर्मी का मौसिम किस प्रकार का होता है।

'**गर्मी की ऋतु**—यह लगभग होली के बाद शुरू होती है और करीब

करीब दशहरा दिवाली तक रहता है। इन दिनों में सारे राजपूताने में खूब गर्मी पडती है क्योंकि सब जगह दिन बारह घंटों से अधिक बडा होता है और सूर्य की किरणें भी अधिक सीधी और तेज पडती हैं। परन्तु पूर्व की अपेक्षा पश्चिम की ओर और उत्तरी-पश्चिमी भाग में बहुत कडी गर्मी पडती है। मुल्क रेतीला होने के कारण दिन निकलते ही हवा गर्म होने लगती है और लूएँ चलना शुरू होती हैं। मरुस्थल में कभी कभी रेत के बडे बडे तूफान आते हैं। जिसे **आँधी** या **अंधड़** कहते हैं। रात के समय रेत जल्द ठंडी हो जाती है और उसी के साथ साथ हवा भी काफी ठंडी हो जाती है। यही कारण है कि रेगिस्तान में गर्मियों के दिनों में रातें ठण्डी होती हैं। गर्मी की ऋतु में अरवली पहाड मैदान की अपेक्षा अधिक ठंडा रहता है इसलिये रईस यहाँ गर्मी के दिनों में आकर रहते हैं। राजपूताने के कई राजपूत राजाओं की कोठियाँ आबू पहाड पर बनी हुई हैं। हाडोती का पठार और उसके उत्तर में आया हुआ मैदान और पहाडी हिस्सा इतना गर्म नहीं होता जितना पश्चिमी मरुस्थली मैदान होता है। क्या तुम इसका कारण बता सकते हो?

सर्दी की ऋतु—यह दिवाली से लगाकर होली तक रहती है। इन दिनों में रात बड़ी और दिन छोटा होता है। सूर्य की किरणें भी इतनी सीधी और तेज नहीं होतीं जितनी गर्मियों में। सारे राजपूताने में इस समय ठंड पडती है। पश्चिमी रेतीला मैदान दिन के समय काफी गर्म हो जाता है परन्तु रात मे इतना ठंडा हो जाता है कि कभी कभी पानी जम जाता है। अरवली पहाड भी इन दिनों में बहुत ठंडा हो जाता है। अरवली पहाड का पूर्वी हिस्सा इतना ठंडा नही रहता जितना कि पश्चिमी रेतीला हिस्सा रहता है।

गर्मी-सर्दी के विचार से हम राजपूताने के तीन हिस्से कर सकते हैं—

(१) अरवली पहाड़ जो ऊँचाई के कारण अधिकतर ठंडा रहता है।

नकशा नं० ३

(२) अरवली पहाड का पश्चिमी हिस्सा जो रेतीला होने के कारण गर्मी की ऋतु मे बहुत गर्म और सर्दी की ऋतु में बहुत ठंडा होता है।

(३) अरवली पहाड का पूर्वी हिस्सा जो न तो गर्मी में इतना गर्म, न सर्दी में इतना ठंडा जितना पश्चिमी भाग रहता है। परन्तु उत्तर की ओर गर्मी कडी पडती है।

अब तुम्हें यह बताना चाहते हैं कि वायु की सर्दी-गर्मी किस प्रकार नापी जाती है। यदि किसी ठंडे देश में रहने वाला मनुष्य साधारण गर्म देश में चला जाय तो वह उस देश को गर्म बतावेगा और यदि उसी समय बहुत गर्म देश वाला मनुष्य भी उसी जगह चला जाय जहाँ ठंडे देश वाला गया था, तो वह दूसरा मनुष्य उस देश को ठंडा बतावेगा। **एक ही जगह एक ही समय पर ठंडी और गर्म दोनों नहीं हो सकती।** यदि हवा की उष्णता की माप मनुष्य के अनुभव तथा अनुमान पर रहे तो वह सही नहीं हो सकती। इस कठिनाई को दूर करने के लिये एक **उष्णता मापक यंत्र** बनाया गया है जिसे **थर्मामीटर** कहते हैं। यह यंत्र हमेशा ठीक माप बताता है।

थर्मामीटर एक काँच की बंद नली होती है जिसके एक सिरे पर बुंडी सी बनी हुई होती है। इस बुंडी में तथा नली में पारा भरा रहता है। गर्मी से यह पारा चढ़ने लगता है और ठंडक से वह उतरने लगता है। नली में निशान बने रहते हैं जिससे पारा किस निशान तक पहुँचा यह हम मालूम कर सकते हैं। जब कमरे में पारा ११० अंश तक यानी ११० नम्बर के निशान तक या उससे ऊँचा चला जाय तो हवा बहुत गर्म कहलाती है। यदि पारा ५०-६० अंश तक हो तो हवा सर्द कहलाती है। चित्र में पारा किस निशान तक चढ़ा हुआ दिखाई देता है? वह हवा की कौन सी दशा बताता है?

थर्मामीटर

नीचे दिये हुए नकशे मे देखो। राजपूताने के ८ मुख्य शहरों की साल भर की सर्दी-गर्मी बतलाई हुई है। उदाहरण के लिये जोधपुर लो। जनवरी से लगाकर दिसम्बर तक क्रमशः १२ महीनों के लिये १२ छोटे छोटे थर्मामीटर बनाए हुए है। सब से ठंडा और सब से गर्म महीनों के लिये थर्मामीटर कुछ मोटे बतलाए हुए हैं। नकशे में देखने से साफ विदित होता

देखो तापक्रम सर्वत्र लगभग एकसा ही मालूम होता है।

है कि पहिला महीना सब से ठंडा है और छाठा महीना सब से गर्म है

यानी जनवरी का महीना सबसे ठंडा और जून का महीना सब से गर्म होता है। इसी प्रकार तुम देख सकते हो कि किस शहर में कौनसा महीना सबसे ठंडा होता है और कौनसा सबसे गर्म। जोधपुर में जून के महीने में तापक्रम ९३ बतलाया हुआ है। इसका मतलब यह नहीं कि सारे महीने भर रात और दिन हवा का तापक्रम ९३° बना रहे। किन्तु उसका अर्थ यह है कि साधारणतः सारे महीने भर के लिये दिन और रात के तापक्रम का मध्यम ९३° है। जून के महीने में जोधपुर में प्रायः दिन के समय हवा का तापक्रम १०५ के आस पास होता है और रात के समय ८१° के आस पास होता है। १०५° और ८१° का मध्यम ($\frac{१०५+८१}{२}$)=९३° होता है। इसी प्रकार नकशे में सारे महीनों के लिये मध्यम तापक्रम बतलाये हुये हैं। जिस समय मध्यम तापक्रम ९०° अथवा उससे अधिक होता है उस समय दिन में कड़ी गर्मी मालूम होती है।

प्रश्न

१—जलवायु किसे कहते हैं? गर्म और तर जलवायु से तुम क्या समझते हो?

२—किसी जगह साल भर के लिये हवा एक सी गर्म या ठंडी क्यों नहीं रहती?

३—एक ही ऋतु में सब जगह एक सी गर्मी या सर्दी क्यों नहीं होती?

४—गर्मियों में लोग पहाड़ी शहरों में जाकर क्यों रहते हैं?

५—कौन से महीनों में दिन बड़े और रातें छोटी होती हैं?

६—सबसे बड़ा दिन कब होता है और सब से बड़ी रात कब होती है?

७—सर्दी की ऋतु कौन से महीनों में होती है। उन दिनों में दिनमान छोटा होता है या बड़ा?

८—गर्मी-सर्दी के विचार से राजपूताने के कितने भाग हो सकते हैं? नक्शा खींच कर उनको बताओ और प्रत्येक भाग की सर्दी-गर्मी का कुछ वर्णन करो।

अभ्यास

१—नम्बर ३ का पतला नक्शा नम्बर १ के नक्शे पर बराबर रख दो और निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो—

(अ) गर्मियो के दिनो में कोटा अधिक गरम होता है या अलवर?

(ब) सर्दियो के दिनो में मेवाड अधिक गर्म होता है या मारवाड?

२—एक बडे कागज पर नीचे बताया हुआ चार्ट बनाओ और उसमें प्रति सातवें दिन लिखी हुई बातें दर्ज करो—

तारीख	सूर्य निकलने का समय	सूर्य छिपने का समय	दिनमान	नियत समय पर कमरे की उष्णता

३—राजपूताने के मध्यम मासिक तापक्रम के नक्शे में देखकर बतलाओ कि कौन से शहरो में जून का महीना सब महीनो में सब से गर्म होता है और कौन से शहरो में मई का।

क्या तुम बतला सकते हो कि इन सब शहरो में सब से गर्म महीना एक ही क्यो नहीं है।

* अध्यापक हर एक लडके से ऐसा चार्ट बनवावें और देखें कि लडके पूछी हुई बातें ठीक दर्ज करते हैं या नहीं। एक ही समय पर प्रति दिन कमरे की उष्णता लडको से वारी वारी पढवावें। इस काम के लिये लडको को हफ्ते के अलग अलग दिन नियत (मुकर्रर) कर दें। दो तीन महीने के बाद दिनमान और हवा की गर्मी—इनमें सम्बन्ध प्रत्यक्ष समझावें।

चौथा अध्याय

जलवायु—२ (जलवृष्टि)

तुम्हारे दवात में स्याही थी, आज वह सूख गई, स्याही में से पानी कहाँ चला गया ? हवा स्याही में से पानी पी गई। क्या हवा पानी पीता है ? हां। जिस प्रकार हम जब प्यासे होते हैं, पानी पीते है उसी प्रकार जब हवा प्यासी होती है वह पानी पी लेती है अर्थात् सोख लेती है। हमारे में और हवा में यह एक फरक है कि हवा किसी जगह का भी पानी पी लेती है चाहे वह अच्छी जगह का हो या गन्दी : जैसे नदी में से, नाले में से, मोरी में से, गीले कपड़े में से और तुम्हारी स्याही में से। क्या तुम भी इन सब जगहों का पानी पीओगे ?

हवा जब पानी पीती है या सोखती है तुम नही देख सकते। परन्तु यदि तुम हवा में से पानी बाहर निकालना चाहो तो हवा को ठंडी कर दो। हवा में से पानी बाहर निकल आवेगा। एक पानी का गिलास लेकर उसमें बरफ के टुकड़े रख दो। बाहर से गिलास को कपडे से पोंछ दो। कुछ देर के बाद गिलास की बाहर की बाजू धुँधली सी दिखाई देगी और फिर पानी की बूँदें भी नज़र आवेंगी। यह पानी कहाँ से आया ? क्या हवा गिलास में से फट कर बाहर निकला ? नही। वह हवा में से आकर गिलास पर जमा हो

गया ! बरफ के कारण गिलास ठंडी हो गई, उससे लगी हुई बाहर की हवा भी ठंडी हो गई और हवा के ठंडे होने के कारण पानी को अदृश्य रूप में रखने की हवा की शक्ति कम हो गई जिससे हवा में से पानी निकल कर गिलास पर बूँदों के रूप में जमा हो गया। इससे यह बात सिद्ध हुई कि **गरम हवा अधिक पानी भाप रूप में ग्रहण कर सकती है, और ठंडी हवा कम ग्रहण कर सकती है।** यदि हवा में पहिले ही से बहुत सा पानी भाप रूप में हो यानी हवा पहिले से तर हो, तो वह पानी कम सोखेगी। यही कारण है कि वर्षा के दिनों में जब हवा में तरी अधिक होती है हमारे कपडे बहुत देर में सूखते हैं। गर्मियों में तेज़ धूप के कारण हवा बहुत गर्म हो जाती है और उससे उसकी पानी सोखने की शक्ति भी बहुत बढ जाती है।

समुद्रों पर की हवा हमेशा जलभरी रहती है और जब ऐसी जलभरी हवा बहती हुई किसी देश में आवे तो वह वर्षा तब ही बरसावेगी जब कि वह ठंडी हो जाय। यदि कोई पहाड जलभरी हवाओं के रास्ते में हो तो वह हवा पहाड से रुक जाती है और ऊँचे को उठती है। ऊँची उठने से वह ठंडी हो जाती है, ठंडी होने के कारण जितना पानी उसके साथ भाप रूप में था उतना उसमें नहीं रह सकता, कुछ पानी छोटी छोटी बूँदों के रूप में बाहर निकल आता है जिसे **बादल** कहते हैं। जब ये छोटी छोटी बूँदें एक दूसरे से मिल कर बड़ी हो जाती हैं वे भारी होने के कारण आसमान में ठहर नहीं सकतीं और वर्षा रूप में ज़मीन पर पडने लगती हैं। किसी देश में वर्षा होने के लिये पहिली बात यह होनी चाहिये कि **समुद्र से जलभरी हवाएँ**

उस देश में आएँ और दूसरी यह है कि ये जलभरी हवाएँ ठंडी हो जायं। स्थल की ओर से समुद्र की ओर वहने वाली हवा जलभरी नहीं होती और इस कारण वह पानी नही बरसाती।

अब हम राजपूताने में वर्षा का विचार करें। तुमने यह पढ़ा है कि राजपूताना गर्मियों के दिनों में खूब गर्म हो जाता है। इस समय यानी लगभग जून, जुलाई में राजपूताने की ओर दक्षिणी-पश्चिमी समुद्र से जलभरी हवाएँ आती हैं। राजपूताना गर्म देश होने के कारण वह जलभरी हवा भी गर्म हो जाती है और इस कारण उससे वर्षा होने की आशा कम रहती है। परन्तु जब वह अरवली पहाड़ तथा उसके दक्षिण-पूर्व पठारी हिस्से पर आती है तब वहाँ वह ऊपर को उठती है और पानी बरसाती है जैसे कि पहिले बता चुके हैं। अरवली पहाड पर और दक्षिणी-पूर्वी पठार पर इन दिनों में अच्छी वर्षा हो जाती है। अरवली पहाड और पूर्वी पठार के उत्तर की ओर वर्षा साधारण होती है परन्तु अरवली के पश्चिमी भाग में इस हवा से वर्षा बहुत कम मिलती है यहाँ तक कि राजपूताने का पश्चिमी और पश्चिमोत्तर का भाग वर्षा के अभाव के कारण सूखा होता है।

गर्मियों के दिनों में जिस प्रकार दक्षिणी-पश्चिमी समुद्र से जलभरी हवाएँ उठ कर राजपूताने में आकर कुछ पानी बरसाती है, उसी प्रकार उन्हीं दिनों में पूर्वी समुद्र से भी जलभरी हवाएँ आकर राजपूताने के पूर्वी हिस्से मे कभी-कभी पानी बरसा देती हैं। परन्तु यह पूर्वी हवाएँ बहुत दूर से कई देशों में होती हुई और पानी बरसाती हुई आती हैं इस कारण राजपूताने में इन हवाओं से वर्षा थोड़ी मिलती है। और वह भी अधिकतर पूर्वी हिस्से में होती है।

राजपूताना ज्यादातर एक सूखा मुल्क है। जो थोड़ी बहुत वर्षा उस-में होती है वह गर्मियों के दिनों में जुलाई से लगा कर सितम्बर तक होती है। वर्षा के विचार से हम राजपूताने के चार भाग कर सकते हैं:—

नकशा न० ४

१—अरवली पहाड का दक्षिण भाग और दक्षिणी-पूर्वी पठार जहाँ वर्षा अच्छी होती है।

२—अरवली के उत्तर-पूर्व में आया हुआ हिस्सा जहाँ वर्षा साधारण होती है।

३——अरवली पहाड के पास का पश्चिमी हिस्सा जहाँ वर्षा कम होती है।

४——राजपूताने का पश्चिमी और पश्चिमोत्तरी हिस्सा जहाँ वर्षा लगभग होती ही नहीं।

नकशा न० ५

अब यह बताते हैं कि वर्षा कैसे नापी जाती है। जब वर्षा होती है तब उसमें से थोडा पानी ज़मीन सोख लेती है, थोडा पानी भाप बन कर हवा में उड जाता है और बाकी बचा हुआ पानी ज़मीन पर बहने लगता है। हम

यह सुनते हैं कि वर्षा १ इंच हुई परन्तु जानते नहीं कि १ इंच वर्षा का क्या मतलब है। १ इंच वर्षा से हम यह समझते हैं कि ज़मीन समतल हो कर यदि वर्षा का पानी न सोखे, भाप बनकर हवा में न उड़े और जिस जगह बरसे वहीं रहे, बहे नहीं तो ज़मीन पर १ इंच मोटी पानी की पडत बन जायगी। वर्षा नापने के यंत्र को **'रेनगेज'** अथवा **वर्षा मापक यंत्र** कहते हैं। दिये हुए चित्र को देखो। बाहर एक टीन का बर्तन है जिसमें एक कीप लगी हुई है। टीन के भीतर एक बोतल रक्खी हुई है जिसमें वर्षा का पानी कीप के द्वारा जमा हो जाता है। साथ में एक कॉच का गिलास होता है जिसमें निशान बने होते हैं। बोतल में एकट्ठा हुआ पानी इस कॉच के गिलास में डालकर नाप लेते हैं। चित्र में दिये हुए कॉच की गिलास में ५० निशान बने हुए हैं। एक निशान एक इंच का १०० वॉ हिस्सा बताता है। ५० नम्बर के निशान तक **पानी** भरने से आधा इंच अथवा **५० सेन्ट** पानी कहलाता है। रेनगेज खुली जगह रक्खा जाता है ताकि उसमें वर्षा का पानी इकट्ठा हो जाय। दिन भर में वर्षा का जो पानी बोतल में इकट्ठा हो जाय उसे नाप लेते हैं। महीने के सब दिनों की वर्षा जोडने से **महीने की वर्षा** मालूम होती है। १२ महीनों की वर्षा जोडने से **साल भर की वर्षा** मालूम होती है।

रेनगेज

राजपूताना के कुछ प्रसिद्ध स्थानों

नाम शहर	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून
जोधपुर	१४ सेन्ट	२० सेन्ट	९ सेन्ट	१५ सेन्ट	४५ सेन्ट	१ इ० ४५ सें०
जयपुर	४७ सें०	२९ सें०	३७ सें०	१७ सें०	५८ सें०	२ इ० ३० सें०
उदयपुर	११ सें०	१४ सें०	१० सें०	१६ सें०	१ इ० १४ सें०	३ इ० ३० सें०
कोटा	२७ सें०	२९ सें०	१२ सें०	३३ सें०	५९ सें०	२ इ० ९४ सें०
आबूपर्वत	२७ सें०	३१ सें०	१५ सें०	८ सें०	९७ सें०	५ इ० ५९ सें०
बीकानेर	३८ सें०	२४ सें०	१८ सें०	१४ सें०	८४ सें०	१ इ० ६५ सें०
भरतपुर[1]	५० सें०	३२ सें०	२५ सें०	१५ सें०	६० सें०	२ इ० ८० सें०
जैसलमेर[1]	४२ सें०	२६ सें०	२० सें०	१५ सें०	१२ सें०	२५ सें०

[1] इन दोनो स्थानो के लिये प्रमाणित विवरण के अभाव के कारण अक (Figures)

की मासिक तथा वार्षिक वर्षा

जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर	वार्षिक वर्षा
३इं० ६९सें०	४इं० ४०सें०	२इं० ४६सें०	३६सें०	११सें०	१२सें०	१३इं० ६२सें०
८इं० २सें०	७इं० ९३सें०	३इं० ४१सें०	३२सें०	१४सें०	२१सें०	२४इं० २१सें०
७इं० २५सें०	६इं० ९२सें०	३इं० ८६सें०	६६सें०	६सें०	८सें०	२३इं० ७८सें०
९इं० ५०सें०	८इं० ८५सें०	४इं० ४१सें०	५६सें०	११सें०	२६सें०	२८इं० २३सें०
२२इं० ५सें०	२१इं० ५१सें०	९इं० ५८सें०	१इं० ४६सें०	२८सें०	२४सें०	६२इं० ४९सें०
३इं० २९सें०	३इं० १४सें०	१इं० ८सें०	९ सें०	६सें०	१८सें०	११इं० २७सें०
९इं० ६२सें०	७इं० १०सें०	४इं० ३५सें०	३५ सें०	५ सें०	२५सें०	२६इं० ३४सें०
२इं० ५सें०	२इं० १०सें०	३२ सें०	८ सें०	१०सें०	१६सें०	६इं० २१सें०

अन्दाज से दिये गये हैं ।

पिछले पृष्ठ पर राजपूताना के कुछ मुख्य शहरों की वार्षिक तथा मासिक वर्षा दी हुई है। उदाहरण के लिये उदयपुर लो। आखिरी खाने में देखो उदयपुर की वार्षिक वर्षा २३ इंच और ७८ सेंट बतलाई हुई है। इससे यह मतलब नहीं है कि प्रतिवर्ष उदयपुर में वर्षा २३ इंच और ७८ सेंट ही हो जाय। १०-१२ साल की वार्षिक वर्षा नापकर उसकी औसत २३ इंच ७८ सेंट

देखो, राजपूताना में अधिकतर वर्षा ४ महीनो में ही होती है।

आती है। जब हम कहते हैं कि उदयपुर में वार्षिक वर्षा २३ इंच ७८ सेंट है तो उसका यह मतलब है कि उदयपुर में वार्षिक वर्षा लगभग २४ इंच

; है। कभी वह उससे अधिक हो जाय और कभी कम। इसी प्रकार मासिक
र्षा भी दिये हुए अंकों के लगभग ही होती है। देखो कुल २३ इंच ७८ सेंट
ार्षिक वर्षा में २१ इंच और ३३ सेंट जून, जुलाई, अगस्त और सितम्बर
न चार महीनों में ही हो जाती है। शेष बची हुई लगभग ढाई इंच वर्षा ८
हीनों में हो जाती है जो होना न होने के बराबर ही है।

पृष्ठ ३० पर दिये हुए नकशे में पृष्ठ २८-२९ पर तालिका में दी हुई वर्षा
चित्र रूप में बतलाई हुई है। हर एक स्थान पर १२ महीनों के लिये १२
ख़ाने बना दिये गए हैं। जैसे पहिला खाना जनवरी का, दूसरा फरवरी का
इत्यादि। देखो पहिले ५ खानों में तथा आखिरी ३ खानों में वर्षा बहुत कम
बतलाई हुई है। बीच के केवल चार खानों में वह अधिक बतलाई गई है जो
नकशे में दिये हुए पैमाने के अनुसार पृ० २८-२९ पर तालिका में दी हुई वर्षा
के बराबर है। पृ० ३० पर दिया हुवा नकशा तालिका का दूसरा रूप है जिसे
देखने से बहुत सी बातें एक दम नजर आ जाती हैं। नकशे में देखकर निम्न-
लिखित प्रश्नों के उत्तर दो और अपना जवाब तालिका के साथ मिलाओ:—

(१) जुलाई के महीने में किस जगह सबसे अधिक वर्षा होती है और
कितनी ?

(२) जून के महीनों में किन किन जगह वर्षा साधारण ३ इंच के लगभग
होती है। क्या उस वर्षा का असर उन स्थानों के तापक्रम पर होता है ?

(३) राजपूताना में कौन से महीने लगभग सूखे बीतते हैं ?

(४) कौन से शहर में वार्षिक वर्षा सबसे कम होती है और कौन
सी जगह वह सबसे अधिक होती है ?

प्रश्न

१—ठंड के दिनों में प्रातःकाल के समय हमारे मुँह से भाप निकलती हुई क्यों दिखाई देती है ?

२—बादल किसे कहते हैं और वे कैसे बनते हैं ?

३—वर्षा कैसे होती है ? वर्षा होने के लिये किन किन बातों की आवश्यकता होती है ?

४—राजपूताने में कौन सी हवाओं से वर्षा होती है और वह कौन से महीनों में होती है ?

५—राजपूताने के कौन से हिस्से में वर्षा अच्छी होती है और किस हिस्से में बिलकुल नहीं होती ?

६—यदि अरवली पहाड़ राजपूताने में से उठा दिया जाय तो राजपूताने की वर्षा पर उसका क्या प्रभाव होगा ?

७—चार नम्बर के पतले नक्शे को १ नम्बर के नकशे पर रख दो और कारण देते हुए उत्तर लिखो—

(अ) अलवर में अधिक वर्षा होती है या जैसल्मेर में ?

(ब) अजमेर-मेरवाड़े में अधिक वर्षा होती है या कोटे में ?

८—वर्षा कैसे नापी जाती है ? एक इंच वर्षा से क्या मतलब समझते हो ?

अभ्यास

१—जैसा चित्र में बताया है वैसा ही मान लो तुम्हारे पास रेनगेज है। तुम्हारे गाँव या शहर में वर्षा होने पर यदि बोतल में इकट्ठा हुआ पानी तीन गिलास और २५ नम्बर के निशान तक भरे तो बताओ वर्षा कितने इंच या सेन्ट हुई।

२*—जब तुम्हारे गाँव में या शहर में वर्षा हो तब उसे रेनगेज के द्वारा नापो और वर्षा के समय किस दिशा से हवा चल रही थी यह भी नीचे बनाए चार्ट में दर्ज करो।

तारीख	वर्षा इंच और सेन्ट में	हवा की दिशा

*अध्यापक छात्रों से बारी बारी वर्षा नपवावें और ऊपर बनाया हुआ चार्ट अपनी क्लास में लगवा कर उसको भरवावें। योग्य समय पर चार्ट के ज़रिये हवा की दिशा और वर्षा का सम्बन्ध अपनी क्लास को समझावें जिस से मालूम हो जायगा कि कौन सी हवाओं से अधिक वर्षा अपने शहर में या गाँव में होती है। इसी चार्ट से मासिक और वार्षिक वर्षा भी मालूम करें।

पाँचवाँ अध्याय

पेड़-पौधे

जिस प्रकार मनुष्य विना अन्न और पानी के जी नहीं सकता उसी प्रकार पेड-पौधे भी विना खाद्य (Food) और पानी के जी नहीं सकते। क्या तुम जानते हो कि पेड-पौधों का खाद्य कहाँ होता है और वे कैसे खाते और पीते हैं ? पेड-पौधो का खाद्य मिट्टी मे मिला हुआ रहता है। जिस ज़मीन में यह खाद्य कम होता है या चुक जाता है उसमें खात देना पडता है। खात में भी पेड-पौधों का खाद्य होता है। जिस भूमि में पेड-पौधो के लिये खाद्य अच्छा होता है उसे उपजाऊ भूमि कहते हैं। सब जगह भूमि एक ही प्रकार की नहीं होती। कही पथरीली, कही ककरीली, कही रेतीली, कही भुरभुरी, कहीं काली चिकनी इत्यादि होती है। नदियों के किनारे ज़्यादातर चिकनी और उपजाऊ मिट्टी होती है। पेड-पौधे खाद्य और पानी अपनी जडों के द्वारा लेते हैं। ज़मीन में पानी डालने से पेडों का खाद्य पानी मे घुल जाता है और पेड उसे लेते हैं। यदि पेडों को पानी न मिले तो ज़मीन कितनी ही अच्छी क्यों नहीं हो वहाँ पेड-पौधे पनप नहीं सकते। इससे यह बात सबूत हुई कि **पेड़-पौधों के पैदा होने के लिए तथा पनपने के लिये उपजाऊ ज़मीन तथा पानी की आवश्यकता होती है।**

जिस प्रकार विना खाद्य और पानी के पेड-पौधे जी नहीं सकते उसी प्रकार विना धूप और गर्मी के भी पेड-पौधे जी नहीं सकते। जिन मुल्कों में हमेशा वहुत ठंड पडती है और वर्फ पडती है उन मुल्कों में कुछ भी पैदा नहीं हो सकता। सौभाग्य से राजपूताना ऐसा ठंडा और वर्फीला देश नहीं है। वह गर्म देश है। पेड़-पौधों के लिये गर्मी अच्छी है परन्तु दुर्भाग्य से पानी की कमी है। राजपूताने में सव जगह भूमि एकसी नहीं है और जल-वायु भी एकसा नहीं है, इस कारण प्राकृतिक पेड-पौधे भी सव जगह एकसे दिखाई नहीं देते जिस जगह अच्छी वर्षा होती है वहाँ अधिकतर जंगल पैदा होते हैं। जिस जगह वर्षा साधारण होती है वहाँ घास अच्छी और अधिक होती है और जंगल कम होते हैं। राजपूताने के जंगलों में यह एक विशेषता होती है कि शुष्क ऋतु में उनके पत्ते झड जाया करते हैं। जिस जगह वर्षा की कमी होती है उस जगह वडी घास की ऐवज में छोटी घास होती है और पेड भी छोटे, काँटेदार और छोटे पत्तों वाले होते हैं जैसे वबूल, खेजडी, वेर इत्यादि। अगर वर्षा की वहुत ही कमी हो तो घास भी अच्छी नहीं होती और आँक के तरह मोटे पत्ते वाले अथवा काँटेदार विना पत्तों की छोटी छोटी झाड़ियाँ होती हैं जैसे थोर, केर इत्यादि।

अव यह देखें कि राजपूताने में प्राकृतिक पेड-पौधे किस प्रकार के होते हैं। अरवली पहाड़ के दक्षिण में और दक्षिण-पूर्व में जहाँ अच्छी वर्षा होती है अधिकतर अच्छे जंगल हैं जिसमें कई प्रकार के वडे पेड मिलते हैं जैसे वड, शीशम, जामुन, आम इत्यादि। अरवली पहाड़ के पूर्वोत्तर जहाँ वर्षा साधारण है जंगल कम हैं परन्तु घास अधिक होती है।

अरवली पहाड़ के पश्चिमी ओर वर्षा की कमी के कारण छोटी घास होती है और पेड छोटे, काँटेदार और छोटे पत्तों वाले होते हैं जैसे ववूल, खेजडी इत्यादि। ज्यों ज्यों हम पश्चिम और पश्चिमोत्तर की ओर वढते हैं वर्षा

नकशा नं० ६

कम होती जाती है और इस कारण घास भी कम दिखाई देती है। जगह जगह छोटी छोटी विना पत्तों की कटीली झाडियाँ नज़र आती हैं और विलकुल पश्चिम और पश्चिमोत्तर को ओर वह भी नहीं दिखाई देतीं। नं० ६ का पतला नकशा नं० ४ पर रख दो और देखो यह वात ठीक है या नहीं।

प्रश्न

१—पेड-पौधो के पैदा होने के लिये किन किन बातो की आवश्यकता होती है ? यदि उनमें से एक की भी कमी हो तो उसका प्रभाव पेड-पौधो पर किस प्रकार पडेगा ?

२—घास किस प्रकार के जलवायु में पैदा होती है ? राजपूताने में किन किन जगह अच्छी घास पैदा होती है ?

३—जामुन, वड, पीपल, इमली के पेड कैसे होते है ? राजपूताने के कौनसे हिस्से में वे अधिकतर मिलते है और क्यो ?

४—बबूल, खेजडी, रोहिडा, नीम, शीशम, आम इनके पेड राजपूताने के कौन से भाग में पैदा होते है ? उनके लिये किस प्रकार की जलवायु की आवश्यकता होती है ?

५—राजपूताने के पश्चिम भाग में किस प्रकार के पेड-पौधे होते है ?

अभ्यास

१—तुम्हारे गाँव में या शहर में कौन कौन से पेड़ है ? साल भर उनको देखते रहो और निम्नलिखित बातें दर्ज करो :—

(अ) उनके पत्ते कभी झड़ते है या नहीं ? यदि झड़ते हो तो किन दिनो में ?

(ब) फूलने और फलने का समय।

(क) फूल या फल मनुष्य के काम आते है या नही ? यदि आते हो तो किस प्रकार ?

२—नं० १ का पतला नकशा नं० ६ के नकशे पर बराबर रख दो और बताओ कि :—

(अ) कौन सी रियासतो में जंगल अच्छे होते है ?

(ब) कौन सी रियासतो में थोडे पेड और बहुत घास होती है ?

(क) किन किन रियासतो में काँटेदार छोटे पेड और छोटी घास होती है ?

(ख) कौन सी रियासतो में रेत के टीबे नजर आते है ?

छठवाँ अध्याय

पैदावार

गत अध्याय में यह बताया जा चुका है कि किस प्रकार के प्राकृतिक पेड़-पौधे राजपूताने में पैदा होते हैं। यदि कोई मनुष्य राजपूताने में न बसे और जंगल, घास आदि जो प्रकृति से पैदा होते हैं उन्हें न काटे तो राजपूताने में ऐसा दृश्य दिखाई देगा कि जैसा गत अध्याय और नकशा नम्बर ६ में बता चुके हैं। पहिले पहिल जब राजपूताने मे मनुष्य रहने लगे तब उन्होंने कई जगह के जंगल काटे, ज़मीन साफ की और खेती करके अपना गुज़र चलाना शुरू किया। अब भी राजपूताने में हिन्दुस्तान के और प्रान्तों की अपेक्षा अधिक जंगल है। खेती उसी जगह अच्छी होती है जहाँ भूमि उपजाऊ हो और वर्षा अच्छी हो।

पहिली बात यह है कि राजपूताने में सब जगह भूमि एकसी समतल और उपजाऊ नही है। नदियों की घाटियों में वह अधिक उपजाऊ है। इस कारण इन्ही घाटियों में सब से अच्छी पैदावार होती है दूसरी बात यह है कि राजपूताने मे वर्षा केवल गर्मियों में लगभग जून-जुलाई से सितम्बर तक के महीनों में ही होती है। सालभर में ८ महीने सूखे बीतते हैं। इस दशा में शुष्क मौसम मे खेती केवल उसी जगह होती है जहाँ कुओं से, नदियों से तालाबों से अथवा नहरों से ज़मीन सीचने का कुछ प्रबन्ध हो।

राजपूताने के पश्चिमी ओर वर्षा की कमी के कारण कुएँ बहुत ही थोड़े हैं और वे भी कहीं कहीं दो सौ हाथ से अधिक गहरे हैं। कहीं कहीं ५-६ गाँवों के बीच में एक ही कुआँ होता है। ऐसे कुओं से सिंचाई नहीं हो सकती। अरवली पहाड़ के दक्षिणी और पूर्वी भाग में कुएँ बहुत हैं और वे इतने गहरे भी नहीं हैं इस कारण उनसे सिंचाई अच्छी होती है। इसके अतिरिक्त इस दक्षिणी पूर्वी भाग में कई तालाब भी हैं जिनसे भी सिंचाई अच्छी होती है।

राजपूताने में अरठ से सिंचाई
(Photo by the author)
[देखो कुआँ पास में होने पर भी पेड़ों का अभाव सा ही है]

राजपूताने की मुख्य नदियाँ अरवली के पूर्वी हिस्से में हैं परन्तु वे सब

चम्बल नदी को छोडकर शुष्क ऋतु में लगभग सूख जाती हैं। और ज़मीन समतल भी नहीं है इस कारण नदियों से नहर निकाली नहीं जा सकती।

गगा नहर

परन्तु नदियों में बाँध बाँधकर तालावों सा बना देते हैं जिनसे सिंचाई अच्छी होती है। थोडा ही समय हुआ पंजाब के सतलज नदी में से एक नहर (जिसे गंगा नहर कहते हैं) निकाल कर बीकानेर रियासत के उत्तरी भाग में लाई गई है जिससे आजकल वहाँ खेती का अच्छा प्रबन्ध हो गया है और इस कारण वहाँ की आबादी भी बढ़ गई है। नहर की तली और दीवारें सीमेन्ट लगाकर पक्की बनाई गई हैं जिससे रेतीली भूमि पानी को सोख न ले।

राजपूताने में खेती दो प्रकार की होती है। एक **ख़रीफ़** की खेती जिसे सियालु भी कहते हैं और दूसरी **रवी** की खेती जिसे उनालु कहते हैं।

खरीफ की खेती गर्मियों में वर्षा पड़ने पर होती है और ठंड के पहिले कट जाती है। खरीफ़ की खेती की मुख्य पैदावार **मक्का, कपास, ज्वार,**

बाजरा, तिल, अलसी, मूँग, मोठ आदि हैं। यह पैदावार राजपूताने में सब जगह एकसी नहीं होती क्योंकि इनके लिये कम अधिक पानी तथा भिन्न भिन्न प्रकार के भूमि की आवश्यकता होती है।

नकशा न० ७

मक्का—यह गर्मियों में पानी पड़ने पर बोई जाती है। करीब तीन महीनों में इसकी खेती तैयार हो जाती है। इसके लिये उपजाऊ भूमि तथा अधिक पानी की आवश्यकता होती है इस कारण राजपूताने के मध्य और पूर्वी

हिस्से में इसकी अच्छी पैदावार होती है। क्या तुम जानते हो कि मक्का किस काम आती है ?

कपास—इसे भी मक्का की भाँति अधिक पानी की और उपजाऊ भूमि की ज़रूरत होती है। जब वह पकने लगती है तब उसे कड़ी धूप चाहिए। मुलायम और उपजाऊ भूमि पर वह अच्छी पैदा होती है। इसकी खेती चार महीनों में तैयार हो जाती है। ठंड के शुरू में कपास उतारना शुरू कर देते हैं। पूर्वी और मध्य राजपूताने में इसकी खेती अच्छी होती है।

कपास की डाल

ज्वार, बाजरा, तिल, मूँग और मोठ—ये सब साधारण वर्षा और साधारण ज़मीन में पैदा होते हैं। गर्मी में पहिला पानी पड़ते ही उनकी बुआई हो जाती है। तीन महीनों में उनकी खेती तैयार हो जाती है। पश्चिमी भाग छोड़कर राजपूताने में सर्वत्र ही ये पैदा होते हैं। बाजरी अधिकतर अरवली पहाड़ के पश्चिम में और ज्वार पूर्व में पैदा करते हैं। राजपूताने में सब अनाजों में ज्वार और बाजरी सब से अधिक पैदा होती हैं।

गन्ना—यह भी एक खरीफ की खेती है। राजपूताने के सब पैदावारों में इसे सब से अच्छी उपजाऊ भूमि और अधिक पानी की ज़रूरत होती है। यह लगभग दस महीनों में तैयार होता है। इसे फाल्गुन-चैत्र में बोते हैं और कार्तिक के बाद काटना शुरू कर देते हैं। इसे कोल्हू में पेर कर रस

निकाला जाता है जिससे गुड और शक्कर बनती हैं। हिन्दुस्तान के और प्रान्तों की अपेक्षा इसकी खेती राजपूताने में बहुत थोडी होती है। दक्षिणी-पूर्वी राजपूताने में जहाँ वर्षा अच्छी होती है यह पैदा होता है।

गेहूँ का खेत
(Photo by the Author)

खेत मे खडा हुआ आदमी गाँव का रहने वाला है परन्तु शहर मे नौकरी करता है। देखो, शहर वासियो का असर उसकी पोशाक पर कैसे हुआ है।

यह खेत पृ० ३८ पर दिये हुये कुएँ की सिंचाई से ही तैयार किया गया है।

रबी की खेती—खरीफ की खेती की अपेक्षा रबी की खेती के लिये कम गर्मी की आवश्यकता होती है। इसलिये वह राजपूताने में ठंड की ऋतु में

पैदा होती है क्योंकि राजपूताने में केवल गर्मियों में वर्षा होती है। इस कारण रबी की खेती सिर्फ उन्हीं जगह होती है जहाँ शुष्क ऋतु में कुओं से, तालाबों से अथवा नहरों से सिंचाई का अच्छा प्रबन्ध है। रबी की खेती अरवली के पूर्वी भाग में अच्छी होती है। अरवली के पश्चिमी भाग में सिर्फ बनास नदी की घाटी में, लूनी नदी की घाटी मे और उत्तर की ओर घग्गर

नकशा नं० ८

नदी के बेसिन में जहाँ गंगा नहर से सिंचाई होती है वहाँ रबी की खेती होती

है। घग्गर नदी राजपूताने के उत्तरी भाग की एक सूखी नदी है। पञ्जाब में पानी बरसने पर पानी की एक धारा राजपूताने में आकर बीकानेर रियासत के मरुस्थल में गुप्त हो जाती है। परन्तु प्रतिवर्ष पानी के साथ मिट्टी के आने से बीकानेर रियासत का यह भाग उपजाऊ हो गया है।

रबी की खेती में मुख्य पैदावार **गेहूँ, जौ, चना, जीरा, मिरची, सरसों** आदि हैं।

गेहूँ—इसके लिये साधारण भूमि और समय समय पर सिंचाई की आवश्यकता होती है। अनाज बनने तथा पकने के समय उसे मध्यम श्रेणी की धूप और साधारण गर्मी की ज़रूरत होती है। यह जाड़ा शुरू होते ही बोया जाता है। चार महीनों में खेत कटने के लिये तैयार हो जाता है। गेहूँ फागुन-चैत में काट लिया जाता है। इसकी पैदावार अरवली के पूर्वी हिस्से में और लूनी नदी और पश्चिमी बनास नदी के बेसिन में अच्छी होती है।

जौ, जीरा, मिर्च, चना आदि के लिये साधारण भूमि और थोडा पानी चाहिये। ये राजपूताने में लगभग सर्वत्र ही पैदा होते हैं परन्तु पश्चिमी भाग में इनकी उपज बहुत ही कम होती है।

अफ़ीम—पोस्त के फल के जमा किये दूध से अफ़ीम बनाई जाती है। यह एक मादक वस्तु है। फल के सूखने पर उसमें से सफ़ेद-सफेद बारीक बीज निकलते हैं जिसे खस-खस कहते हैं। अफीम की पैदावार और बिक्री का सारा प्रबन्ध गवर्नमेंट-सरकार

अफीम की डाल, पत्ते, फूल और बोंडी

के अधिकार में है। अधिकतर यह दक्षिणी-पूर्वी राजपूताने में पैदा की जाती है जहाँ भूमि उपजाऊ है और सिंचाई का अच्छा प्रबन्ध है।

रवी और खरीफ की खेती के अतिरिक्त राजपूताने में साग, तरकारियाँ और फल भी कई प्रकार के पैदा होते हैं। इनके लिये अच्छी भूमि और सिंचाई की आवश्यकता होती है। ये अधिकतर बागों में पैदा की जाती हैं जहाँ हमेशा देख-भाल करनी पडती है। हिन्दुस्तान के अन्य प्रान्तों की अपेक्षा यहाँ तरकारियाँ तथा फल बहुत कम पैदा होते हैं। फलों में बीकानेर के मतीरे, टोंक के खरबूजे और जोधपुर के अनार प्रसिद्ध हैं।

प्रश्न

१—रवी की खेती से तुम क्या समझते हो? उसके लिये किस प्रकार के जल-वायु की जरूरत होती है? वह राजपूताने के कौन से हिस्से में अच्छी पदा होती है? उसकी मुख्य पैदावार क्या है?

२—गर्मी की ऋतु में वर्षा होने पर कौन सी पैदावार राजपूताने में बोई जाती है? उनके नाम लिखो और बताओ कौन सी पैदावार राजपूताने में किस जगह होती है और क्यो?

३—राजपूताने का मुख्य अन्न कौन सा है? वह यहाँ अधिक कहाँ पैदा होता है?

४—यदि तुम पश्चिम से पूर्व तक राजपूताने के मध्य में हो कर सितम्बर के महीने में यात्रा करो तो तुम्हें कौन कौन अनाज खेतो में खड़े मिलेंगे? उनकी कटाई कब होगी?

५—लूनी नदी से मारवाड को क्या लाभ है?

६—यदि सतलज नदी में से गंगा नहर नही निकाली जाती तो बीकानेर रियासत की पैदावार तथा आबादी पर क्या प्रभाव पडता?

७—राजपूताने का कौन सा भाग अधिक उपजाऊ है और वहाँ क्या-क्या पैदा होता है ?

८—तिलहन (तिल, सरसो, अलसी), कपास, गन्ना—ये हमारे किन-किन काम आते हैं ? उनमें से प्रत्येक कौन सी फसल की पैदावार है ? रबी की या खरीफ की ?

९—सिचाई से तुम क्या समझते हो ? राजपूताने में सिंचाई किन-किन प्रकारो से होती है ?

अभ्यास

१—जो जो तरकारियाँ और फल तुम्हारे गाँव के या शहर के बाजार में बिकने आते है उनका एक ब्योरा बनाओ जैसे बताया है।

नाम तरकारी या फल	मिलने का समय

२—जमीन सीचने के लिये पानी जितने प्रकार से कुओ से निकाला जाता है उनके चित्र इकट्ठा करो अथवा बनाओ। उनको अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो और ऊपर लिखो "हमारे देश के कुओ से पानी सीचने के साधन"।

३—जो पैदावार तुम्हारे देश में होती है उसके सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न प्रकार के जितने चित्र तुम्हें मिलें उनको इकट्ठा करो अथवा खीचो और उन्हें अपने चित्रमय भूगोल में लगा कर लिखो "हमारे देश की पैदावार और उसके सम्बन्ध में काम।"

सातवाँ अध्याय

पशु

पुराने समय में जब राजपूताने में आबादी थोडी थी और जंगल बहुत थे उस समय जंगली जानवर भी बहुत थे। परन्तु आज कल जंगल के कम होने से और आबादी के बढने से जंगली जानवर भी कम हो गए हैं।

जानवर दो प्रकार के होते हैं एक हिंसक (मॉस खा कर रहने वाले) और दूसरे अहिंसक (घास, पत्ते आदि पर रहने वाले)। हिंमक जंगली जानवरों में शेर, चीते, रीछ, सुअर, भेडिये आदि राजपूताने में बहुत हैं। वे पहाडी हिस्सों के जंगल में पाए जाते हैं जहाँ मनुष्य की बस्ती कम होती है। जंगल में घास भी काफी होने के कारण घास खा कर रहने वाले जंगली जानवर जैसे हिरन, सांभर, खरगोश आदि बहुत होते हैं। इन्हीं की अथवा गॉव के मवेशियों की या भेड बकरों की शिकार ये हिंसक पशु करते हैं। जहाँ जंगल बहुत होते हैं वहाँ हिंसक पशु भी अधिक होते हैं। जहाँ घास अधिक होती है वहाँ घास पर चरने वाले पशु बहुत पाए जाते हैं। हिरन, खरगोश, लोमडी, गीदड आदि जानवर राजपूताने में करीब करीब सर्वत्र ही मिलते हैं।

कई जानवर मनुष्य ने अपने बुद्धि-बल से अपने उपयोग के लिये पालतू बनाए हैं। जिनमें से मुख्य गाय, बैल, भैंस, घोड़ा, गधा, भेड, बकरी

और ऊंट हैं । अब देखें कि ये पालतू पशु मनुष्य के किस काम आते हैं और वे राजपूताने में अधिकतर कहाँ पाए जाते हैं ।

नकशा न० ६

बैल—तुमने बैल अवश्य देखा होगा । शायद ही कोई ऐसा दिन होगा कि तुम घर से बाहर निकलो और बैल तुम्हारे नज़र न आए । बैल मनुष्य के बहुत ही काम का पशु है । वह हल चलाता है, गाडी खींचता है, पीठ पर अनाज या माल ढोता है और चरस से पानी खींचता है । यदि किसान के

पास बैल न हो तो उसका कितना सारा काम रुक जाय। उसकी खाल, सींग, हड्डियाँ भी मनुष्य के काम आती हैं। बैल राजपूताने में करीब करीब सर्वत्र मिलता है। मध्य और पूर्वी राजपूताने में उसकी संख्या अधिक है।

नागौर के बैल

परवतसर के पशुमेले का एक दृश्य

(Photo by the courtesy of V H Thattey)

क्या तुम बता सकते हो क्यों? मारवाड में नागौर परगने के बैल बहुत प्रसिद्ध हैं। वे बडे कद के, सुडौल और मज़बूत होते हैं। हिन्दुस्तान में यहाँ के बैल दूर-दूर शहरों तक भेजे जाते हैं।

गाय—गाय कितनी उपयोगी है यह तुम खूब जानते हो। गाय भी बैल की तरह राजपूताने में करीब करीब सर्वत्र ही पाली जाती है। मारवाड़ के **मालानी, साँचोर** और बीकानेर के **पूँगल** की गायें प्रसिद्ध हैं।

भैंस—यह भी लगभग सर्वत्र पाली जाती है परन्तु राजपूताने में इतनी भैंसें नहीं हैं जितनी कि गायें हैं। भैंस मनुष्य के क्या काम आती हैं ?

घोड़ा—घोड़ा सवारी के और गाड़ी खींचने के काम आता है। घोड़े पर माल भी लादा जाता है। राजपूताने में गाय बैलों की अपेक्षा घोड़े बहुत थोड़े हैं। मारवाड़ के **मालानी** और **जालोर** के घोडे प्रसिद्ध हैं।

गधा—गधा माल ढोने के काम आता है। यह राजपूताने में सर्वत्र ही मिलता है। गधा पालने में खर्च बहुत कम आंता है। जहाँ दूसरे किसी जानवर के चरने के लिये कुछ न होगा वहाँ गधा चरता दिखाई देता है।

भेड़-बकरी—भेड़-बकरी सूखे प्रान्त के जानवर हैं। उनके लिये शुष्क (सूखी) हवा, काँटेदार झाड़ियों के सूखे पत्ते और छोटी घास बड़ी लाभदायक होती है। इस कारण भेड़-बकरियाँ राजपूताने के पश्चिमी हिस्सों में **मारवाड़** और **बीकानेर** में बहुत पाली जाती हैं। राजपूताना गर्म देश होने के कारण भेड़ की अपेक्षा बकरियाँ अधिक होती हैं और भेड़ की ऊन भी इतनी मुलायम और अच्छी नहीं होती जैसी सर्द मुल्कों में होती है। भेड़-बकरियों का दूध पीते हैं और उनकी ऊन या बाल काट कर कम्बल, लोइयाँ और गरम कपड़े बनाते हैं। मांस के लिये प्रति दिन राजपूताने में कई भेड़-बकरे कटते हैं। बहुत सी भेड़-बकरियाँ दूसरे देशों में भी भेजी जाती हैं। इनकी खाल और हड्डियाँ भी काम आती हैं।

ऊँट—यह एक रेगिस्तान का मुख्य पशु है। जिस प्रकार बिना जहाज़ के पानी में सफर नहीं कर सकते उसी प्रकार बिना ऊँट के मरुस्थल में यात्रा करना बहुत कठिन है। इसी कारण ऊँट 'रेगिस्तान का जहाज़' कहलाता है।

ऊँट

इस चित्र मे ऊँट क्या कर रहे है ?

(Photo by the Author)

ऊँट की जन्म-भूमि और जीवन-भूमि रेगिस्तान ही है। ऊँट की बनावट भी सर्व प्रकार से रेगिस्तान के लायक है। उसके चौडे और गद्देदार पाँव रेत में नहीं धँसते इस कारण वह रेत में खूब चल सकता है। अच्छा ऊँट एक रात

में करीब करीब सौ-सवासौ मील की दौड लगा सकता है। पुराने समय में जब रेल नहीं चली थी एक जगह से दूसरी जगह खबरें सांडणी (मादा ऊँट) सवारों के हाथ भेजी जाती थीं। ऊँट का मुँह अन्दर से कडा होता है इस कारण वह काँटेदार झाड़ियों की पत्तियाँ खा कर रहता है। वह कई दिनों तक बिना पानी और खुराक के रह सकता है। ऐसी दशा में उसकी थुई कम पड़ जाती है और खुराक मिलने पर वह फिर बड़ी हो जाती है। उसकी गर्दन और नाक ऐसी होती है कि आँधी आने पर वह अपनी गर्दन को ज़मीन पर सपाट रख देता है और अपनी नाक बन्द कर लेता है जिससे नाक में रेत घुसने न पाए।

ऊँट सवारी के काम आता है, अपनी पीठ पर माल ढोता है, गाडी खींचता है, हल चलाता है, गहरे कुओं से पानी खींचता है। उसका दूध पीने के तथा दवाई के काम आता है। उसके बालों के कम्बल और नमदे अच्छे बनते हैं। खाल के बड़े बडे कुप्पे बनाए जाते हैं। पश्चिमी राजपूताने में जहाँ मरुस्थल है यह बहुत पाया जाता है। **जैसलमेर** और **बीकानेर** के ऊँट बहुत प्रसिद्ध होते हैं।

गाय, बैल, घोड़े और ऊँट के खरीदने तथा बेचने के लिये राजपूताने में साल भर में कई मेले लग जाते हैं जहाँ दूर-दूर के देशों से मनुष्य इन जानवरों को खरीदने आते हैं। *अजमेर के पास **पुष्कर**, मारवाड में तिल-

*इन शहरो के लिये तथा इस अध्याय में आई हुई अन्य जगहो के लिये नकशा न० १ और १२ देखो।

वाडा और पर्वतसर, बीकानेर, धोलपुर, अलवर और भरतपुर के पशु-मेले प्रसिद्ध हैं ।

जालोर का घोडा

१९३४ साल मे परवतसर के पशुमेले मे आया हुआ सब से उमदा घोडा
(Photo by the courtesy of V H Thattey)

प्रश्न

१—कौन सा पालतू जानवर किसान के बहुत उपयोगी है और किस प्रकार? वह राजपूताने में कहाँ कहाँ पाया जाता है?

२—ऊँट रेगिस्तान का मुख्य जानवर क्यो है? वह रेगिस्तान का जहाज़ क्यो कहलाया?

३—भेड़-बकरियों से मनुष्य को क्या लाभ होता है और वे राजपूताने में अधिकतर कहाँ पाई जाती हैं ?

४—'गाय और उसका उपयोग' इस विषय पर एक छोटा सा लेख लिखो। अंत में यह लिखो कि राजपूताने में अच्छी नस्ल की गायें कहाँ होती हैं।

५—कौन कौन जंगली हिंसक जानवर राजपूताने में मिलते हैं और कहाँ? उनमें से तुमने कौन से देखे हैं ?

६—राजपूताने में अधिकतर कौन से जानवरों का शिकार होता है ? उस शिकार का क्या किया जाता है ?

अभ्यास

'हमारे देश के जानवर और उनका उपयोग' इस विषय में तुम्हें जितने चित्र मिलें उनको इकट्ठा करो और अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो।

आठवाँ अध्याय

खनिज पदार्थ

मनुष्य को जितनी वस्तुओं की ज़रूरत होती है उनमें से कई वह खेती करके पैदा कर लेता है, कई जानवरों से उसे मिल जाती हैं और कई ज़मीन खोद कर निकाली जाती है। जो पदार्थ ज़मीन खोद कर निकाला जाता है उसे **धातु** अथवा **खनिज पदार्थ** कहते हैं और जिस जगह से निकाला जाता है उसे **खान** कहते हैं। मकान बनाने का पत्थर, बरतन, लोहे का सामान, चाँदी सोने के जेवर ये सब कहाँ से आते हैं ? ज़मीन की सतह के नीचे से खोद कर उन्हे निकालना पडता है। जैसी हम वस्तुएँ बनी हुई तैयार देखते हैं वैसी वे ज़मीन में नही मिलतीं, परंतु मिट्टी कंकर में मिली हुई ठोस रूप मे होती है। पत्थर को बाहर निकाल कर घडना पडता है और अन्य धातुओं को आग में गला कर साफ करना पडता है। फिर कहीं वे काम आती है।

राजपूताने में खनिज पदार्थ बहुत हैं परन्तु वे सब निकाले नहीं जाते क्योंकि बाहर से सस्ते दामो मे बहुत सी धातुएँ अपने यहाँ आती हैं जैसे लोहे का सामान, बरतन बनाने के लिये ताँबे, पीतल की पतली मोटी चद्दरें इत्यादि। अपने यहाँ वे ही खनिज पदार्थ अधिक निकाले जाते हैं कि जो अन्य देशों में कम पाये जाते हैं या बाहर से आकर महँगे पडते हैं।

राजपूताना पहाड़ी और पथरीला होने के कारण यहाँ कई प्रकार का पत्थर बहुतायत से पाया जाता है। उनमें **मारवाड़, बीकानेर** का लाल पीले रंग का इमारती पत्थर, मारवाड़ में **मकराने** का संगमरमर, (चिकना

नकशा न० १०

सफेद पत्थर) **जैसलमेर** का छींटदार रंगीन पत्थर, **डूँगरपुर** का संगमूसा (चिकना काला पत्थर) बहुत प्रसिद्ध हैं। रियासत बूँदी में एक प्रकार का पत्थर निकलता है जिसको पीस कर सीमेन्ट (Cement) बनाया जाता है।

आजकल मकान, नल, पुल वगैरः बनाने में सीमेन्ट काम में बहुत लाया जाता है।

जोधपुर में सीमेंट के नल बनाने का कारखाना। इसमें बूँदी का सीमेन्ट काम में लाया जाता है

(Photo by the Authoı by kınd permıssıon of the Indıan Hume Pıpe Company Ltd)

बीकानेर में पत्थर के कोयले की बहुत खानें हैं जो वहाँ से बाहर भी भेजा जाता है। अजमेर-मेरवाड़ा और मारवाड़ में भोडल की बहुत सी खानें हैं जहाँ से वह बाहर भेजी जाती है बीकानेर और मारवाड़ में मुल्तानी

मिट्टी की खानें हैं और अलवर रियासत में गेरू और स्लेट की खानें है।

राजपूताने मे निमक की खानें नहीं हैं परन्तु यहाँ खारे पानी का बहुत सी झीलें हैं जिनसे निमक बनाया जाता है। सब झीलों में साँभर झील

साँभर झील का एक दृश्य

(Photo by the Author)

(देखो, बाई तरफ बहुत दूर एक पुल-सा दिखाई देता है। वह पुल नहीं है। किन्तु निमक के टीले है और उनपर रेल पडी हुई है। टीलो मे से निमक निकाल निकाल कर छोटे छोटे डिब्बो मे भर दिया जाता है और स्टेशन पर भेज दिया जाता है। सामने क्यार मे झील का पानी भरा रक्खा है जो सूखने पर निमक बन जावेगा।)

सबसे बड़ी और प्रसिद्ध है। उसका कुछ हिस्सा मारवाड (जोधपुर) में और कुछ जयपुर रियासत में है। साँभर को छोडकर मारवाड में पचभद्रा और डीडवाणा की झीलों में भी निमक बनाया जाता है। निमक बनाने का सब प्रबन्ध भारत सरकार के अधीन है। जोधपुर और जयपुर रियासतों को प्रति-वर्ष कई मन निमक और कई लाख रुपये भारत सरकार से मिलते है।

प्रश्न

१--राजपूताने मे कोन सा खनिज पदार्थ सबसे अधिक निकलता है और किस जगह ?

२--राजपूताने में बहुत से खनिज पदार्थ होने पर भी वहाँ उनकी खानें क्यो नही हैं ?

३--निमक कैसे बनता है और राजपूताने में वह किस किस जगह बनाया जाता है ?

४--गेरू, मुलतानी मिट्टी, स्लेट, भोडल, सगमूसा और सगमरमर की खानें राजपूताने में कहाँ है ?

५--न० १ का पतला नकशा १० नम्बर के नकशे पर बराबर रख दो और बताओ कि मारवाड में तथा बीकानेर में कौन से खनिज पदार्थ निकलते हैं ।

नौवाँ अध्याय

आबादी और मुख्य व्यवसाय

राजपूताने मे पहिले आजकल की अपेक्षा बहुत कम आबादी थी। परन्तु राजपूत राजाओं के यहाँ आने पर और अपने राज्य कायम करने पर आबादी धीरे-धीरे बढ़ने लगी। प्रति दसवर्ष **मनुष्य-गणना** (Census) हुआ करती है। किस जगह घनी आबादी है, कहाँ बिरली है, पुरुष कितने, स्त्रियाँ कितनी, लोगों के पेशे कौन से, धर्म कौन सा इत्यादि अनेक बातें इस मनुष्य-गणना से हमें ज्ञात होती हैं। गत मनुष्य-गणना सन् १९३१ मे हुई थी।

जितने मनुष्य सारे राजपूताने में रहते हैं यदि वे सब देश भर में सर्वत्र एक से फैल जायँ तो प्रति वर्गमील ९० मनुष्य पड़ें। परन्तु हम जानते है कि आबादी सर्वत्र एक सी नहीं है। कही बडे-बड़े नगर हैं जहाँ जन-संख्या बहुत है, कहीं बड़े-बड़े गाँव हैं और वे पास-पास बसे हुए हैं, कही दूर-दूर छोटे-छोटे गाँव बसे हुए हैं और कहीं मीलों तक मनुष्य नज़र नही आता। मनुष्य की पहली आवश्यकता अपना गुज़र है और वह उसी जगह रहना पसंद करेगा जहाँ कुछ व्यवसाय करके उसका गुज़र चले और वह सुरक्षित रहे।

राजपूताना उपजाऊ देश नही है। उसका आधे से अधिक हिस्सा रेगिस्तान है फिर भी राजपूताने में प्रति सैकडा लगभग ८० मनुष्य खेती

करके और पशु पाल कर अपना पेट पालते है। शेष २० मनुष्य दस्तकारी, व्यापार, नौकरी तथा अन्य व्यवसाय करके अपना निर्वाह चलाते हैं।

जो लोग खेती करते हैं या पशु पालते हैं वे किसी एक मुख्य स्थान पर सब के सब आबादी बनाकर नहीं रहते। वे अपने खेतों के अथवा चरागाहों के समीप घास-फूस की तथा मिट्टी, पत्थर आदि की छोटी-छोटी झोंपड़ियाँ बनाकर रहते हैं जिसे गॉव कहते हैं। गाँव में रहने से उनको अपने खेतों की तथा पशुओं की देख-भाल करने में बडा सुभीता रहता है। राजपूताने के अधिकतर लोगों के खेती करने और पशु पालने में ही लगे रहने के कारण आबादी शहरों की अपेक्षा गॉवों में बिखरी रहती है।

तुम जानते हो कि राजपूताने में भूमि सर्वत्र एकसी नहीं है; कही पहाडी, कहीं कंकरीली, कही रेतीली और कहीं चिकनी और उपजाऊ है। दूसरी बात यह है कि वर्षा सर्वत्र एक सी नहीं है, कहीं अच्छी, कही कम और कहीं बिलकुल ही नहीं होती। ऐसी दशा में खेती सर्वत्र एक सी ही नहीं होती। जहॉ भूमि सम-चौरस और उपजाऊ है और वर्षा भी ठीक होती है या सिंचाई का अच्छा प्रबन्ध है ऐसी जगह आबादी घनी होती है और वहॉ गॉव भी बडे-बडे और पास-पास होते हैं। परन्तु जहॉ भूमि अच्छी होने पर भी वर्षा की कमी है और सिंचाई का कुछ भी साधन नहीं है ऐसी जगह खेती नहीं हो सकती है। केवल थोडी बहुत घास पैदा हो जाती है जिस पर गाय, भेड, बकरी आदि पशु पालकर मनुष्य अपना गुज़ारा चला लेते हैं। ऐसी जगह गॉव छोटे छोटे और दूर दूर होते हैं। पहाड़ी मुल्कों में वर्षा अच्छी होने पर भी खेती के अभाव के कारण आबादी बहुत थोड़ी होती है।

राजपूताने की आबादी का नकशा देखो। अरवली पहाड के पूर्वी हिस्से में सब से अधिक आबादी है और उसमें अजमेर-मेरवाडा और उत्तरी-पूर्वी कोने में अलवर, भरतपुर और धोलपुर रियासतों में सबसे घनी आबादी है।

नकशा न० ११

अरवली पहाड़ के दक्षिणी पूर्वी भाग मे वर्षा अच्छी होती है फिर भी वहाँ भूमि पठारी और पथरीली होने के कारण आबादी उत्तर पूर्व की अपेक्षा कम है। बूँदी-प्रतापगढ़ रियासतों में आबादी बहुत थोडी है। क्या तुम बता सकते हो क्यों ?

अरवली पहाड के पश्चिमी ओर वर्षा की कमी के कारण और सिंचाई का प्रबन्ध कम होने के कारण आबादी पूर्वी भाग की अपेक्षा कम है। परन्तु वहाँ लूनी नदी और उसकी सहायक नदियों की घाटियों में जहाँ बाँध बाँध कर सिंचाई का थोडा प्रबन्ध किया गया है और बीकानेर रियासत के उत्तरी भाग में जहाँ घग्गर नदी का बेसिन है और जहाँ गंगा नहर से सिंचाई होती है वहाँ आबादी थोडी बहुत ठीक है। ज्यों ज्यों हम पश्चिम की ओर बढते हैं

पश्चिमी राजपूताना में एक सर्वसाधारण दृश्य

(Photo by the authoı)

वर्षा और पैदावार कम होती जाती है। परन्तु कई जगह घास अच्छी पैदा हो जाती है। इस हिस्से में लोग अधिकतर गाय, भेड, बकरी पालकर अपना निर्वाह करते हैं। पूर्व की ओर जहाँ थोडी बहुत घास होती है गाय-बैल अधिक

पाले जाते है और पश्चिम की ओर जहाँ छोटी-छोटी घास होती है और हवा सूखी है वहाँ भेड़-बकरियों के झुंड के झुंड चरते दिखाई देते हैं। यदि किसी साल जो थोडी बहुत वर्षा वहाँ होती है वह भी न हो तो यह देश सूखा पड़ जाता है और फिर घास भी पैदा नहीं होती। इस दशा में यहाँ के जाट, गूजर आदि अपने मवेशियों को लेकर, मालवा, संयुक्तप्रान्त, गुजरात आदि प्रान्तों में चले जाते हैं और दूसरी साल वर्षा के होने पर लौट आते हैं। बिलकुल पश्चिमी ओर लोग ऊँट अधिक पालते हैं। क्या तुम बता सकते हो क्यों ?

प्रश्न

१—किन-किन बातो पर किसी एक देश की आबादी निर्भर होती है ?

२—पश्चिमी राजपूताने में आबादी अधिक है या पूर्वी ? और क्यो ?

३—पूर्वी राजपूताने में आबादी दक्षिण की ओर अधिक है या उत्तर की ओर और क्यो ?

४—शहरो में गाँवो की अपेक्षा आबादी अधिक क्यो होती है ?

५—एक गाँव में चित्रकार और लुहार दोनो जाकर रहें तो बताओ किसका गुजारा ठीक चलेगा और क्यो ?

६—राजपूताने के निवासी अधिकतर अपना निर्वाह किस प्रकार करते है ?

७—राजपूताने के कौन से भाग में लोग मवेशी पालते है और क्यो ?

८—मनुष्य-गणना से तुम क्या समझते हो ? अब मनुष्य-गणना कब होगी ? उससे हमें क्या लाभ होता है ?

दसवाँ अध्याय

अन्य व्यवसाय और व्यापार

गत अध्याय में तुम्हें यह बता दिया कि राजपूताने के अधिकतर लोग खेती करके और पशु पालकर अपना निर्वाह चलाते हैं और वे अधिकतर गाँवों में रहते हैं। गाँवों में किसानों के अतिरिक्त लुहार, बढ़ई, कुम्हार आदि भी रहते हैं जिनसे किसानों की साधारण आवश्यकताएँ दूर हो जाती हैं। किसान घी, ऊन और फसल तैयार होने पर अपने साल भर के खर्चे के लिये अनाज निकाल कर बाद बचे हुए को अपने पास के बाज़ारों में बेच देता है या गाँव के बनिये को दे देता है और उसके बदले कपड़ा, बरतन, औज़ार, तेल, दियासलाई आदि अनेक आवश्यक वस्तुएँ खरीद लेता है। वस्तुओं की ऐसी बिक्री-खरीद को **व्यापार** कहते हैं। कई मनुष्य व्यापार करके अपना जीवन चलाते हैं। पश्चिमोत्तर राजपूताने में मरुस्थल होने के कारण खेती-बारी अच्छी नहीं हो सकती और वहाँ जीवन चलाने का कोई अन्य साधन नहीं है इस कारण कई लोग बड़े शहरों में जाकर व्यापारी बन गए हैं, वे बाहर मारवाड़ी के नाम से प्रसिद्ध हैं।

व्यापार के अतिरिक्त राजपूताने के कई लोग जंगलों की पैदावार लकड़ी, गोंद आदि इकट्ठा करके, कई खानों में काम करके, कई सरकारी या रिया-

सतों की नौकरी करके, कई दस्तकारी और मिलों या कारखानों में मशीनों की सहायता से तरह तरह की वस्तुएँ बना कर या अन्य पेशा करके अपना गुज़र करते हैं। प्रायः प्रत्येक बड़े शहर में लुहार, सुनार, बढ़ई, रंगरेज़ आदि कई अन्य पेशे करने वाले मनुष्य रहते हैं जो वस्तुएँ बनाकर लोगों की ज़रूरतें पूरी कर देते हैं।

हमारे देश में जितने नगर या शहर हैं उनमें से कई पुराने समय में राजाओं की बसाई हुई राजधानियाँ थीं। भाँति भाँति के कुशल कारीगर इन राजधानियों में आकर राजाश्रय लिया करते थे। वे धातुओं के बरतन, लकड़ी और पत्थर की नक्काशी, हाँथीदाँत पर चित्रकारी और बेल बूटे तथा सजावट की कई वस्तुएँ बनाया करते थे। आजकल राजाश्रय बहुत ही कम हो गया है फिर भी कई रियासतों में पुरानी कारीगरी अब भी कायम है और वहाँ की बनी हुई वस्तुएँ दूर-दूर देशों में भेजी जाती हैं।

राजपूताने में होने वाली मुख्य दस्तकारियाँ निम्नलिखित हैं—

सूती कपड़े की बुनाई—लगभग सब गाँवों में मोटा सूती कपड़ा बुना जाता है परन्तु कोटे के महीन सूती दुपट्टे, मलमल और डोरिये बहुत अच्छे होते हैं। आजकल कारखानों में या मिलों में मशीन द्वारा कपड़ा बुना जाता है। **ब्यावर, कोटा** और **किशनगढ़** में कपास के कारखाने बहुत हैं जहाँ कई प्रकार का महीन, मोटा सूती कपड़ा बनता है।

ऊनी कपड़े की बुनाई—तुमने पढ़ा है कि राजपूताने में विशेष कर बीकानेर, मारवाड़ आदि पश्चिमी रियासतों में लोग भेड़ बहुत पालते हैं। भेड़ों से ऊन निकाल कर, उसे कातकर मोटा कपड़ा बनाया जाता है।

मारवाड़ के कम्बल, बीकानेर की लोइयाँ, नमदे, गलीचे और जयपुर और **टोंक** के नमदे प्रसिद्ध हैं। आजकल बहुत सारी ऊन बाहर के देशों में भेजी जाती है।

कपड़ों की रंगाई और छपाई—रँगाई और छपाई करीब करीब सब शहरों में होती है परन्तु मारवाड में **पीपाड़** और **पाली** की, मेवाड में **चित्तौड़** की, जैपुर में **सांगानेर** की और कोटा में बारां की छपाई बहुत अच्छी होती है। **जोधपुर** और **कोटे** की चूँदड़ी की बंदिश और रँगाई बहुत प्रसिद्ध है।

जयपुर में बने हुए पीतल के खिलौने

देखो, बीच में एक थाल रक्खी हुई है जिसपर मीने का काम किया हुआ है।

(Photo by the Author)

ताँबे-पीतल के बरतन और खिलौने—ताँबे-पीतल के बरतन

लगभग सब शहरों में आवश्यकतानुसार बनाए जाते हैं परन्तु **जयपुर** के बने हुए पीतल के छोटे बड़े बरतन और खिलौने बहुत प्रसिद्ध होते हैं और वे दूर-दूर देशों में भेजे जाते हैं।

पत्थर की चीजें—पत्थर के काम करने वाले कारीगर सब शहरों में मिलते हैं परन्तु **डूंगरपूर** में काले पत्थर की, **मकराने** में संगमरमर की, **करोली** में लाल पत्थर की, **जेसलमेर** में छींटदार रंगीन पत्थर की वस्तुएँ बड़ी अच्छी बनती हैं। **जयपुर** में संगमरमर की मूर्तियाँ अच्छी बनती हैं।

हाथीदाँत की चूड़ियाँ और वस्तुएँ—राजपूताने में विशेष कर पश्चिम की ओर हाथीदाँत की चूडियाँ पहिनने का रिवाज है। इस कारण कई जगह हाथीदाँत की चूड़ियाँ बहुत बनाई जाती हैं और बचे हुए दाँत में से छोटे-छोटे खिलौने बनाए जाते हैं। मारवाड़ में **मेड़ता, बीकानेर, अलवर** और **भरतपुर** में हाथीदाँत का काम अच्छा होता है।

इस अध्याय में तुमने यह पढा है कि कई मनुष्य व्यापार करके अपना गुज़र चलाते हैं। व्यापारी अधिकतर शहरों में रहते हैं जहाँ वे अपने देश में न बनने वाला माल दूसरे मुल्कों से मँगा लेते हैं और अपने देश मे ज़रूरत से अधिक पैदा होने वाला माल बाहर भेजते हैं। शहरों में माल लाने और ले जाने का बडा सुभीता रहता है इसी कारण शहरों में व्यापार बहुत चलता है। राजपूताने में से **रूई, तिलहन, मवेशी, भेड़-बकरियाँ, ऊँट, घी, ऊन, चमड़ा, हड्डियाँ, ऊनी कपड़े, कम्बल, लोइयाँ, रंगीन छपे कपड़े, इमारती पत्थर, संगमरमर, संगमूसा, भोडल, निमक** इत्यादि बाहर भेजे जाते हैं। और उनके बदले **गेहूँ, चावल, शक्कर,**

महीन सूती, रेशमी और ऊनी कपड़े, मिट्टी का तेल, दियासलाई, काग़ज़, औजार, तॉबे, पीतल और लोहे का सामान इत्यादि कई वस्तुएँ वाहर से मॅगाई जाती हैं। अपने यहॉ वाहर से इतनी वस्तुएँ आती हैं कि उन सबको एक ही साथ गिनाना वडा कठिन है।

प्रश्न

१—व्यापार किसे कहते हैं? ज्यादातर व्यापार किस जगह होता है और क्यो?

२—तुम्हारे गॉव या शहर में ऐसे कौन से व्यापार हैं कि जो

(अ) उसी गॉव या शहर में ही चल सकें।

(व) जो अन्य शहरो में भी चल सकें।

(क) जो अन्य गॉवो में चल सकें।

३—अपने कमरे की जॉच करो और वताओ—

(अ) कौन सी वस्तुएँ तुम्हारे गॉव या शहर में वनी हुई हैं?

(व) कौन सी वस्तुएँ राजपूताने में वनी हुई हैं?

(क) कौन सी वस्तुएँ वाहर से मॅगवाई हुई हैं?

अभ्यास

१—जितने प्रकार के व्यवसाय के चित्र तुम्हें मिलें उनको इकट्ठा करो और अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो, और लिखो "हमारे देश के व्यवसाय"।

२× —तुम्हारे देश में जितने प्रकार का कपडा तैयार होता है उनके टुकडे इकट्ठा करो और अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो और लिखो "हमारे देश में होने वाले कपडे।"

× दर्जी के यहॉ तुम्हें कई प्रकार के कपडो के टुकडे मिलेंगे जो अपने देश में वने हुए हैं।

ग्यारहवाँ अध्याय

आने-जाने के साधन तथा मार्ग

साधन—पुराने समय में वर्तमान समय की सी आराम देनेवाली और तेज़ चलनेवाली सवारियाँ नही थी। परन्तु उस समय से ही मनुष्य ने अपने बुद्धि-बल से कई जानवर पालतू बनाकर अपने काम लिये हैं। सौदागर लोग उन दिनों मे ऊँट, बैल, घोड़ों पर तथा गाड़ियों में माल लादकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया करते थे। जिस जगह रेल बनी नही है वहाँ वही पुरानी सवारियाँ अब भी काम आती हैं* इन सवारियों मे बहुत समय लगता है, खर्चा अधिक पड़ता है और रास्ते में चोर डाकुओं से लुट जाने का भी बहुत डर रहता है। आजकल पाश्चात्य देशों की वैज्ञानिक सहायता के कारण एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिये आराम देनेवाले और सुगमता से शीघ्र पहुँचानेवाले कई साधन उपलब्ध हैं जैसे मोटर गाड़ियाँ, बाईसिकलें, रेलगाड़ियाँ इत्यादि। रेलगाडी में देश के एक कोने से दूसरे कोने तक सैकडों मील की यात्रा थोड़े समय में, कम खर्च में और बहुत आराम के साथ हो सकती है। रास्ते में चोर-डाकुओं का कुछ भी भय नहीं रहता है। रेल के

* तुम्हारे चित्रमय भूगोल में तुमने 'पशु और उनके उपयोग' इस विषय पर कई चित्र इकट्ठे किये होगे।

बदौलत अकाल के समय दूसरे देशो से अनाज मँगवाकर बहुत सी प्राणहानि भी बच सकती है ।

(Photo by the courtesy of K Prem Singh)

देखो, यह चित्र मध्य राजपूताना मे एक बरात का है । जिस जगह रेलमार्ग नही है वहाँ अभीतक पुराने ढग से ही आवागमन होता है ।

केवल स्थल पर ही नही परन्तु हवा में भी पक्षियों की भाँति उडने के साधन मनुष्य ने बनाए हैं जिन्हें हवाई जहाज़ कहते हैं । हवाई जहाज़ों द्वारा हजारों मील की यात्रा बहुत ही सुगमता से और अल्प समय में हो सकती है ।

मार्ग—पुराने समय में राजपूताने में पक्की सड़कें बहुत कम थीं । एक

गॉव से दूसरे गाँव में अधिकतर पगडण्डियों से अथवा कच्ची सडकों से ऊँटों पर, बैलों पर या गाडियों में माल लाया और ले जाया करते थे। राजपूताने में पहिले पहल आगरे से भरतपुर, अजमेर होती हुई गुजरात काठियावाड की ओर पक्की सड़क बनाई गई। आजकल जहॉ भूमि समतल है और जहॉ लोगों का अधिक आना जाना होता है वहॉ पक्की सडकें बनाई गई हैं। दिन दिन और भी बनती जा रही हैं। इन्ही पक्की सडकों पर मोटर लारी से मुसाफिर सफर करते हैं और माल भी ढोया जाता है। राजपूताने में हिंदुस्तान के और प्रान्तों की तरह सर्वत्र मोटर का चलन दिन दिन बढ रहा है।

रेलमार्ग—रेलमार्ग बनाने में खर्चा बहुत पड़ता है। समतल भागों में जहॉ पैदावार अच्छी होती है और आबादी भी ठीक है प्रायः रेलमार्ग अधिक होते हैं। परन्तु पहाड़ी प्रदेश में, कम उपजाऊ भूमि में और विरली आबादी वाले हिस्सों में रेलमार्ग बहुत थोडे होते हैं। राजपूताने के कई बडे बडे शहर रेलमार्ग द्वारा एक दूसरे से तथा सीमान्त शहरों से संलग्न हैं। फिर भी हिन्दुस्तान के और प्रान्तों की अपेक्षा राजपूताने में रेलमार्ग थोड़े हैं। वे दिन दिन आवश्यकतानुसार बढ रहे हैं। राजपूताने के मुख्य रेलमार्ग अगले अध्याय में बताए हैं। रेलमार्ग के पतले नकशे को आबादी के नकशे पर रख दो और देखो कि आबादी और रेलमार्ग के बीच में कितना निकट सम्बन्ध है।

हवाईमार्ग—प्रति हफ्ते **इंग्लैंड** से हिन्दुस्तान में **कराची** को हवाई जहाज़ ६½ हज़ार मील की यात्रा करके सात दिन में डाक और मुसाफिर लाता है। और फिर वहॉ से उड कर **जोधपुर** होता हुआ **देहली** और आगे **कलकत्ते** की ओर जाता है। उसी प्रकार फिर **जोधपुर, कराची** होता हुआ

लौट जाता है। यूरप से हिन्दुस्तान में होता हुआ दूसरा अधिक सीधा पूर्वी हवाई मार्ग कराची से जोधपुर, नसीराबाद, इलाहाबाद, कलकत्ता होता हुआ है। इस दूसरे मार्ग से डच (हौलेण्ड देश के) और फ्रेंच हवाई जहाज़ हिन्दुस्तान में होकर गुज़रते हैं।

प्रश्न

१—पुराने समय में यात्रा किस प्रकार हुआ करती थी? आजकल किस प्रकार होती है? यात्रा के लिये वह समय अच्छा था या वर्तमान और क्यो?

२—गमनागमन का कौन सा साधन तुम्हें अच्छा लगता है और क्यो?

अभ्यास

जितने प्रकार की सवारियाँ तुम्हारे देश में है उनके चित्र खीचो अथवा इकट्ठा करो और उन्हें अपने चित्रमय भूगोल में चिपका दो और लिखो—
'हमारे देश के आवागमन के साधन'।

बारहवाँ अध्याय

मुख्य रेल-मार्ग, यात्रा और शहर

राजपूताने की मुख्य रेल बम्बई बड़ौदा ऐन्ड सेन्ट्रल इन्डिया रेलवे है। यह बी० बी० ऐन्ड सी० आई० रेलवे के संक्षिप्त नाम से प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त जोधपुर रेलवे और बीकानेर स्टेट रेलवे हैं जिनके संक्षिप्त नाम क्रमशः जे० रेलवे और बी० एस्० रेलवे हैं। चलो, हम इन रेल-मार्गों से यात्रा करें।

यात्रा पहिली—बी० बी० ऐन्ड सी० आई० रेलवे में बम्बई से देहली और आगरे तक—हम बम्बई से चल कर गुजरात में होते हुए राजपूताने में पहिले-पहल सिरोही राज्य मे घुसते हैं। इस लाइन पर आने वाला राजपूताने में पहला बडा स्टेशन **आबू रोड** है जहाँ कई मोटर-गाडियाँ **आबू पहाड़** पर जाने के लिये तैयार खडी दिखाई देती हैं। आबू पहाड आबू रोड से १८ मील दूर है। ऊँचाई के कारण वह गर्मियों में ठंडा रहता है। वहाँ कई राजा महाराजाओं की कोठियाँ बनी हुई हैं। नक्कीतलाव अचलगढ, डेलवाडा जैन मंदिर आदि यहाँ के देखने योग्य स्थान हैं। देलवाड़ा मंदिर सफेद पत्थर का बहुत खूबसूरत बना हुआ है जिसमें कई प्रकार के फूल-पत्ते और नक्काशी का काम किया हुआ है। प्रति वर्ष सैकड़ों लोग इसे देखने आते

। आबू रोड से रवाना होकर मारवाड़ जंकशन आए। यहाँ जोधपुर,

देलवाडा मन्दिर का भीतरी दृश्य

बीकानेर, कराची आदि जगह जाने वाले यात्री उतर गये। मारवाड जंकशन से आगे ब्यावर आए। यह राजपूताने की एक बडी रुई की मंडी है। यहाँ

रुई के कपड़े बनाने के कारखाने हैं। ब्यावर से चल कर **अजमेर** पहुँचे। यहाँ नसीराबाद, चित्तौड, उदयपुर आदि जगह जाने वाले यात्री उतर पड़ं।

नकशा नं० १२

अजमेर—यह रेलवे का एक बड़ा केन्द्र है जहाँ रेलवे के बडे-बड़े दफ्तर और एक बड़ा कारखाना है जिसमें हज़ारों लोग काम करते हैं। यह अजमेर मेरवाड़ा की राजधानी है। ए० जी० जी० भी यहीं रहते हैं। यह नगर जन-संख्या में राजपूताने का दूसरा शहर है। यह नगर राजा अजयपाल

ने बसाया था। पुराने समय की बनी हुई कई इमारतें इसमें देखने योग्य हैं। अढाई दिन का झोंपडा, ख्वाजा साहिब का दरगाह, अकबर की मसजिद, आनासागर मशहूर स्थान हैं। अजमेर के पास **पुष्कर** नाम का हिन्दुओं का एक बडा तीर्थ है जहाँ प्रति वर्ष हज़ारों यात्री आया करते हैं। एक बडा पशु-मेला भी पुष्कर में प्रतिवर्ष लगता है जिसमें घोडे, ऊँट, बैल आदि बिकने आते हैं। अजमेर एक बडा तिजारती शहर भी है। यहाँ पक्के गोटे का काम बहुत अच्छा होता है। इसके अलावा यहाँ राजपूताने के राजा, महाराजा और सरदारों के कुमारों की पढाई के लिये मेयो कालिज है जो सफेद पत्थर का बना हुआ है।

हम अजमेर से चलकर **किशनगढ़** आए। यह रियासत की राजधानी है। यहाँ रुई की मंडी तथा सूत के कारखाने हैं। किशनगढ़ से रवाना होकर **फुलेरा जंकशन** होते हुए **जयपुर** आए। यहाँ रीगस, झूँझनू, सवाई माधोपुर आदि जगह जानेवाले मुसाफिर उतर गए। हम भी जयपुर देखने ठहर गए।

जयपुर—यह राजपूताने का सबसे बड़ा शहर है जिसे महाराज सवाई जयसिंहजी ने बसाया था। यह नगर रियासत की वर्तमान राजधानी है। शहर के आस पास पक्की दीवारें बनी हुई हैं जिसमें बड़े बड़े दरवाज़े लगे हुए हैं। सारे हिन्दुस्तान भर में ऐसा खूबसूरत शहर दूसरा कोई नहीं है। इसकी सडकें चौड़ी और सडकों से लगे मकान एक ही से मालूम होते हैं। शहर में कई इमारतें देखने योग्य हैं। इसके अतिरिक्त यह एक बड़ा तिजारती शहर भी है। यहाँ पीतल के बरतन, खिलौने, लाख के चूड़े, संगमरमर की मूर्तियाँ, ऊन के नमदे आदि बहुत अच्छे बनते हैं। शहर के बाहर रामनिवास बाग है जिसमे एक अजायबघर और चिड़ियाखाना भी है जहाँ कई प्रकार

की वस्तुएँ, जानवर और चिड़ियाएँ देखने को मिलती हैं । शहर के पास ही करीब ८ मील दूर जयपुर की पुरानी राजधानी आमेर है जहाँ पहाड़ी पर पुराना किला और महलात अच्छे बने हुए हैं ।

आमेर का पुराना किला

(Photo by the courtesy of R B Sulakhe)

जयपुर से चल कर **बाँदीकुई जंकशन** होते हुए **अलवर** पहुँचे । अलवर रियासत की राजधानी है । यहाँ पुराने महलात, फतहजंग का मकबरा और मथुराधीश का मन्दिर देखने योग्य हैं । यहाँ रँगाई का काम भी बहुत अच्छा होता है । अलवर से गाड़ी **देहली** को चली जाती है ।

बाँदीकुई जंकशन से रेल की एक शाख **भरतपुर** होती हुई आगरे को जाती है। **भरतपुर** जाटों की प्रसिद्ध रियासत की राजधानी है। यहाँ का किला और उसमें बने हुए महलात देखने योग्य हैं। यहाँ हाथीदाँत की चौरी, पंखे और मिट्टी के हुक्के अच्छे बनते हैं। इसके उत्तर में २१ मील दूरी पर डीग का किला और महल देखने योग्य हैं।

यात्रा दूसरी—अजमेर से उदयपुर तक—अजमेर से हम बी० बी० ऐन्ड सी० आई० रेलवे की **खंडवा** जानेवाली गाडी में रवाना हुए। अजमेर से १२ मील दूरी पर **नसीराबाद** होते हुए **चित्तौड़गढ़** पहुँचे। नसीराबाद एक अँग्रेज़ी प्रसिद्ध छावनी है। चित्तौडगढ में हम उतर गये और हमारी गाडी **रतलाम** होती हुई **खंडवा** को चली गई। चित्तौड़ विडंच नदी के किनारे एक पहाडी पर बसा हुआ है। यहाँ का किला भारतवर्ष में बहुत प्रसिद्ध है। यह किला इतना बडा है कि चित्तौड शहर उसमें बसा हुआ है। इसमें खेती भी होती है। यहाँ का कीर्तिस्तम्भ, जयस्तम्भ, राणाओं के महलात तथा कई इमारतें देखने योग्य हैं। यहाँ की छपाई भी अच्छी होती है। यह मेवाड की पुरानी राजधानी थी।

चित्तौडगढ से उदयपुर रेलवे में बैठ कर हम मेवाड की वर्तमान राजधानी उदयपुर आए। यह एक बडा रमणीय देखने योग्य स्थान पिछोला सागर (तालाव) के किनारे बसा हुआ है। पिछोला तालाव में और तीर पर कई सुन्दर इमारतें हैं जिनमें जगनिवास, जगमंदिर, जगदीश जी का मंदिर आदि देखने योग्य हैं। उदयपुर में सुनहली और रुपहली छपाई तथा लकडी के खिलौने अच्छे बनते हैं।

उदयपुर रेलवे की एक शाख मावली जंक्शन से निकल कर नाथद्वार होती हुई अरवली पहाड़ को पार करके मारवाड जंक्शन से आने वाली जोधपुर रेलवे की शाख से मिलाई गई है। **नाथद्वार** वल्लभ कुल संप्रदाय का मुख्य धर्म स्थान है जहाँ श्रीनाथजी का मंदिर है जिसके दर्शन के लिये बम्बई और गुजरात से हज़ारों यात्री प्रतिवर्ष आते हैं।

यात्रा तीसरी—भरतपुर से कोटा तक बड़ी* लाइन से—मथुरा से आने वाली बी० बी० ऐन्ड सी० आई० रेलवे की बडी लाइन की गाडी में बैठ कर हम **भरतपुर** से रवाना हुए। **बियाना** होते हुए **सवाई माधोपुर** जंक्शन पर आए। यहाँ **जयपुर** की ओर से **सांगानेर** होते हुए छोटी लाइन से आने वाले यात्री हमारी गाडी के इंतज़ार में खडे थे। यहाँ से रवाना होकर हम **कोटा** पहुँचे। यहाँ हमारी यात्रा समाप्त हुई और हमारी गाडी **रतलाम** होती हुई **बम्बई** को चली गई। यहाँ से जी० आई० पी० रेलवे की एक शाख **बाराँ** होती हुई मध्य हिन्दुस्तान में बीना तक गई है। बाराँ में कपड़े की अच्छी छपाई होती है।

कोटा—यह रियासत की राजधानी है और चम्बल नदी के किनारे बसा हुआ है। यहाँ से रुई, गेहूँ, अफीम और पत्थर बाहर जाता है। यहाँ की मलमल, डोरिये और डुपट्टे प्रसिद्ध हैं। सूती कपड़ों के कारखाने भी हैं

*रेलवे लाइन दो प्रकार की है। साढे पाँच फीट चोडी पटरी वाली बडी लाइन कहलाती है और तीन फीट तीन इंच चोडी पटरी वाली छोटी लाइन कहलाती है। कोटे से पूर्व की ओर बीना को, उत्तर की ओर मथुरा को और दक्षिण की ओर रतलाम, बम्बई, को बडी लाइन गई है।

जिनमें कई प्रकार का कपडा तैयार होता है। यहाँ की चूँदडी की बँधाई और रँगाई प्रसिद्ध है।

यात्रा चौथी—मारवाड़ जङ्क्शन से जोधपुर रेलवे में—पहिली यात्रा में हमने मारवाड जंक्शन स्टेशन देखा था। अब हम यात्रा यहीं से आरम्भ करें। देखो, वह बी० बी० ऐण्ड सी० आई० रेलवे की डाकगाडी आ गई। मुसाफिर उतर कर हमारी गाडी में आ रहे हैं। वे बीकानेर, जोधपुर, कराँची आदि जगह जाने वाले होंगे ? ओ हो ! हमारी गाडी चल दी। देखो, दोनों तरफ कैसा मैदान ही मैदान नज़र आता है। बडे बडे पेडों का पता ही नहीं। कटीले पेड, झाडियाँ और छोटी छोटी घास कही कहीं नज़र आती हैं। देखो वह एक हिरन का झुण्ड खडा है। इस प्रकार का दृश्य देखते हुए हम **पाली** होते हुए **लूनी जङ्क्शन** पहुँचे। यदि तुम्हें कराँची को जाना हो तो यहीं से जे० रेलवे की एक शाख **बारमेर** होती हुई जाती है उसमें बैठो। रास्ते में बारमेर उतर कर ऊँट या मोटर की सवारी में **जैसलमेर** जा सकते हो। जैसलमेर का किला, महलात और जैन मंदिर देखने योग्य हैं। वहाँ पत्थर की वस्तुएँ भी अच्छी बनती हैं। क्या तुम बता सकते हो क्यों ? हमारी गाडी लूनी जंक्शन से चलकर **जोधपुर** आई।

जोधपुर—यह जे० रेलवे का केन्द्र है। यहाँ रेलवे के दफ़्तर और एक कारखाना भी है जिसमें सैकडों मनुष्य काम करते हैं। राजपूताने में यह तीसरे श्रेणी का शहर है। लगभग ४०० वर्ष होने आए यह शहर राव जोधाजी ने बसाया था। शहर के आस-पास पक्की दीवारें बनी हुई हैं जिसमें बडे बडे दरवाजे हैं। शहर के बीच में एक चट्टान पर किला

है और उसमें महलात बने हुए हैं जो देखने योग्य हैं। जोधपुर मारवाड की वर्तमान राजधानी होने के कारण रियासत की बड़ी बडी कचहरियाँ यहीं हैं। यहाँ से ६ मील दूर मारवाड की पुरानी राजधानी "मंडोर" है जहाँ

जोधपुर शहर का विहंगम दृश्य (Bird's-eye view)
(Photo by the author)
(यह चित्र जोधपुर के किले पर से लिया गया है)

एक बाग और मृत महाराजाओं की छत्रियाँ दर्शनीय है। जोधपुर के पास बालसमन्द और प्रतापसागर (कायलाना) दो बड़ी कृत्रिम झीलें हैं जिनसे शहर में पानी नलों द्वारा लाया गया है। जोधपुर के आस-पास लाल पत्थर की कई खानें हैं जहाँ से पत्थर और बडी बडी पट्टियाँ बाहर भेजी जाती हैं।

इसके अतिरिक्त हाथीदाँत के चूडे, चूँदडी की बंदिश और रंगाई यहाँ बहुत अच्छी होती है।

जोधपुर में हवाई जहाज़ उतरने का बहुत अच्छा स्टेशन बना हुआ है जिसे **'एरोड्रोम'** कहते हैं। रात मे भी हवाई जहाज़ उतरने का प्रबन्ध किया गया है। ऐसा दूसरा एरोड्रोम सारे राजपूताने में कही नहीं है।

जोधपुर में एरोड्रोम (हवाई स्टेशन)

(Photo by the courtesy of the Uday Photo and Art Works)

जोधपुर से रवाना होकर **पीपाड़ मेरतारोड, डेगाना** होते हुए कुचामनरोड पहुँचे। यहाँ जे० रेलवे का मार्ग समाप्त होता है और बी० बी०

ऐन्ड सी० आई० रेलवे की एक शाखा यहाँ से **साँभर** (जहाँ निमक पैदा होता है) होती हुई **फुलेरे जङ्कशन** को जाती है।

जोधपुर रेलवे की एक शाखा जोधपुर से **पोहकरन फलौदी** को जाती है जहाँ से सैकड़ों यात्री प्रतिवर्ष रूणिचा रामदेव जी के दर्शनार्थ जाते हैं। जे० रेलवे की दूसरी बडी शाखा **मेडतारोड** से शुरू होकर **नागोर** होती हुई चीलो जंकशन तक जाती है जहाँ जे० रेलवे का मार्ग समाप्त होकर बी० एस० रेलवे आरम्भ होती है। यह **बीकानेर, सूरतगढ़, हनुमानगढ़** होती हुई पञ्जाब में **भटीण्डे** को जाती है। **हनुमानगढ** से रेल की एक शाखा **गंगानगर** जाती है और दूसरी **राजगढ़, रतनगढ़** होती हुई मारवाड में **जसवंतगढ़** जाती है जहाँ जे० रेलवे की एक शाखा **डेगाने** से आती है। **राजगढ़** से बीकानेर रेलवे की एक शाखा पञ्जाब में **हिसार** को जाती है। **रतनगढ़** से एक शाखा **सरदार शहर** और दूसरी **बीकानेर** को जाती है।

नागोर—यहाँ मारवाड का सब से अच्छा किला बना हुआ है। यहाँ हाथीदाँत के खिलौने और पीतल के बरतन अच्छे बनते हैं। यहाँ का बैल सर्वत्र मशहूर है।

बीकानेर—यह रियासत की राजधानी है जिसे राव बीकाजी ने बसाया था। यह राजपूताने में चौथे श्रेणी का शहर है। इसमें देखने योग्य लालगढ किला, पुस्तकालय, लक्ष्मीनारायणजी का मन्दिर आदि अच्छे स्थान हैं। यहाँ की मिश्री, लोइयाँ, कम्बल, गलीचे और ऊँट के चमडे के कुप्पे अच्छे होते हैं।

सूरतगढ़—यह बीकानेर रियासत के बहुत उपजाऊ हिस्से में होने के कारण यहाँ अनाज की मण्डी है।

हनुमानगढ़—यहाँ का किला देखने योग्य है।

गंगानगर—गंगा कनाल (नहर) के कारण यह एक अच्छा आवाद शहर हो गया है।

बीकानेर, सूरतगढ़, रतनगढ़, सरदार शहर आदि शहरों के अनेक सेठ साहूकार कलकत्ता, बम्बई, मद्रास आदि बड़े बड़े शहरों में व्यापार करते हैं। क्या तुम बता सकते हो क्यों ?

अन्य शहर—टोंक, करौली, डूँगरपुर, झालरापाटन* बूँदी, परताप-गढ़, सिरोही आदि कई नगर छोटी मोटी रियासतों की राजधानियाँ हैं जो किसी रेल-मार्ग पर नहीं हैं।

धोलपुर—चम्बल नदी के किनारे कई भागों में बँटा हुआ शहर बसा हुआ है। यह जाटों की रियासत की राजधानी है। **आगरे से बम्बई** को जाने वाली जी० आई० पी० रेल-मार्ग यहाँ होकर निकलता है। यहाँ लकड़ी और लोहे का अच्छा काम होता है। प्रतिवर्ष यहाँ पशु-मेला भी लगता है।

प्रश्न

१—आबूरोड से देहली तक की यात्रा में—

(अ) कौन सा शहर अति सुन्दर बना हुआ है। उसमें क्या विशेषता है ?

(ब) किस किस जगह सूती कपड़ो के कारखाने हैं ?

(क) उदयपुर जाने वाले यात्री किस जगह गाड़ी बदलते हैं ?

*झालरापाटन को आजकल ब्रिजनगर कहते हैं। वह झालावाड राज्य की राजधानी है।

२—अजमेर से उदयपुर की यात्रा में जो जो शहर देखने योग्य हो उनका कुछ वर्णन करो।

३—जोधपुर से कोटा किस रेल-मार्ग से जाते है? रास्ते में कौन से शहर देखने योग्य है?

४—सरदार शहर, जैसलमेर, धोलपुर, नागौर, नाथद्वार—इन में पहुँचने के लिये कौन कौन से मार्ग है?

५—क्या जोधपुर में बहुत बडा 'एरोड्रोम' बनने के कारण शहर के गौरव पर उसका कुछ प्रभाव पडा है? पडा हो तो किस प्रकार?

अभ्यास

१—रेलवे टाइम टेबिल से यह मालूम करो कि डाकगाडी में आबूरोड से देहली तक जाने में क्या समय लगता है?

२—रेलवे के नकशे में आबूरोड से देहली तक का रेल मार्ग एक डोरा लेकर नापो और उन दो शहरो के बीच का अन्तर मालूम करो। स्टेशन पर रेलवे टाइम टेबिल देख कर जाँच करो कि तुम्हारा उत्तर ठीक है या नहीं।

३—१२ नम्बर के पतले नकशे को १ नम्बर के नकशे पर बराबर रख दो और बताओ कि आबूरोड से दिल्ली तथा आगरे तक का रेलमार्ग कौन कौन सी रियासतो में हो कर गुजरता है।

४—१२ नम्बर का पतला नकशा ६ और २ नम्बर के नकशो पर बराबर रख दो और बताओ कि बीकानेर से उदयपुर तक की यात्रा में किस प्रकार का प्राकृतिक दृश्य हम देखेंगे।

५—मारवाड़ जकशन से चित्तौरगढ की ओर रेल-मार्ग के खुल जाने से जोधपुर से उदयपुर तक की यात्रा में कितने मील की यात्रा कम हो गई है। यह रेल-मार्ग नाप कर बताओ।

॥ श्रीवितरागायनमः ॥

श्रीमत्ज्जैनाचार्य पुज्यजी श्री श्री श्री १००८
श्री श्री प्रभाकरसुरीजी ऊर्फ
प्रसन्नचन्द्रजी महाराज कृत.

जैन तत्व बोध.

आपणा जैनधर्म प्रिय चतुर्विध संघके हितार्थ
प्रसिद्ध कर्ता
अहमदनगर निवासी,
खुबचंदजी मुलतानचंदजी काकरिया,
तथा
बाळारामजी पिरथीराजजी चोराडिया.

आवृत्ति १ ली, प्रती ५०००.
विक्रम सं. १९६९ विना मूल्य वीर सं. २४३८.
सन १८६७ का २५ वा आक्ट मूजब रजिष्टर किनो.
मुंद्रक, रतनचंद पु मुथा, 'सुदर्शन प्रेस' अहमदनगर

इण जगतमांहे प्राणिमात्रनें धर्ममार्गमांहे अवश्य प्रवर्त्तन करणो चाहिजे आपणो जैनधर्म सर्व धर्ममांहे श्रेष्ठ हे, ओर तिणरो जाणपणो करणेंरी मनुष्यवर्गनें जरूरी हे जैनधर्म घणो सूक्ष्म होणारा कारणसू आपणा सूत्रांरी समज पूरी हुवे नहीं. सूत्र वगैरेरी समज हुया शिवाय, ओर जिवाजीवरो जाणपणो हुया शिवाय, आपणा घटमांहे जैन धर्मरो प्रकाश हुवे नहीं आपणा टाबरानें व चतुर्विध संघनें जैन धर्मरो पूर्ण तत्व मालम हुवणो, इण कारण वास्ते आपणा धर्मगुरु महान्पडित श्रीमत्‌जैनाचार्य पूज्यजी श्री प्रभाकरसूरिजी ऊर्फ जैनाचार्य पूज्यजी श्री प्रसन्नचन्द्रजी महाराज ओ छोटोसो 'जैनतत्त्व बोध नामक पुस्तक तयार करणवास्ते बडी मेहनत किवी, और श्रीयुत काकरीया खुवचदजी मुलतानचंदजी तथा श्रीयुत वाळारामजी पिरथीराजजी चोरडीया द्रव्यव्यय करके श्रीसंघके हितार्थ "जैनतत्वबोध" छपाकर प्रसिद्ध कियो. इणवास्ते आपणा संवनें तिणारो उपकार मानणो जरूर हे. ओर म्हनें पिण घणी उमेद हे के ओ पुस्तक चतुर्विध संघनें बराबर रीतसू शिकायो तो थोडा दिनमांहे जैन धर्मरो तत्व जाणनें सभामाहे बोलणे लायक हुवसी; आपणा धर्मरी पिण उन्नति हुवसी आपणा बालकवर्गनें व श्रावक श्राविकानें जाणपणो हुयासू वे पुद्गलिक

सुखांसू विरक्त हूयने आत्मिक सुखप्राप्ति होणेरा मार्गने लागसी; ओर इण छोटा पुस्तकसू जैन धर्मकी उन्नति हूयने जिवाजीवरो जाणपणो अवश्य हूवसी पचीस बोलको थोकडो साधारण आपणां बायां भाया माहे घणांने आवेहे; पिण तिणरो भेद, अर्थरूप घणारा समज माहे आवे नहीं. इण वास्ते इसा पुस्तकविना शिक्षणरो बराबर उपयोग हुवे नहीं. इण पुस्तक माहे पचीस बोल के थोकडेरा न्यारा न्यारा भेद बताया हे, व आपणा धर्म माहेली उपयोगी इसी घणी बातां लिखी हे इण पुस्तक मांहला सगळा बोल शास्त्राधारसू लिया हे, व भाषा पिण सोरी लिखी हे. बोल वगेरे शिखती बखत अशुद्ध भाषा वापरणरी खबरदारी पूरण रीतसू राखने इण पुस्तकरो उपयोग जरूर करसी

इण पुस्तक मांहे कोई हस्ताक्षर अगर नजर चूक हुई हुवेतो शुद्ध करलेसी, इसी उमेद हे

हुकमचंद रूपचंद सुथियान
अहमदनगर

विद्या प्रशंसा.

(शा० वि०)

विद्या नाम नरस्य रूपमाधिकं प्रत्यक्ष गुप्तं धनम् ।
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी. विद्या गुरूणां
गुरु ॥ विद्या बन्धुजनो विदेशगमने. विद्या परा
देवता । विद्या राजसु पूजिता न तु धनं,
विद्याविहीनः पशुः ॥ १ ॥

भावार्थः—विद्या मनुष्यमात्रका रूपनें वधावणवाली हे. व गुप्त धनसरीखी हे. और विद्या सुकीर्ति दायक हुयने अत्यंत श्रेष्ठ हे आ सर्वने मान्य हे. परदेशमांहे भी विद्या एक महादेवतासमान हे, इसो सर्व विद्याप्रिय लोक केवे हे. राजमांहे पिण विद्याकी महत्प्रशंसा हुवे हे. विद्या सरीखो दूसरो धन नहीं हेः व जो कोई विद्या रहित (अज्ञानी) होय तिणरी गणना पशुसमान हे इत्यादि.

हिवे विद्याको गुण कहे छे.

(उ० जा०)

न चोरहार्यं न च राज हार्यम् ।
न भ्रातृभाज्यं. न च भारकारि ॥

व्यये कृते वर्धत एव नित्यम् ।
विद्याधनं सर्व धन प्रधानम् ॥ २ ॥

भावार्थः—विद्या आ चीज चोरी जावे नहीं, अथवा राजमांहे तिणनें कोई हरण कर सके नहीं; तिणनें भाई पिण ले सके नहीं व विद्यारो बिलकुल भार हुवे नहीं. तिणरो खरच कियां सूं उलटी तिणरी हमेस वृद्धि हुवे. व सर्व द्रव्य मांहे विद्यारूपी धन फक्त प्रधान (प्रमुख) हे.

अब विद्याको फळ कहे हे.

(अनुष्टुप्)

विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम् ॥
प्रात्रत्वाद्धनमाप्नोति, धनाद्धर्मं ततः सुखम् ॥ ३ ॥

भावार्थः—विद्यासूं विनय प्राप्ति हुवे, और विनयसूं पात्रता मिले हे पात्रता (योग्यता) मिल्यासूं धनप्राप्ति हुवे, धनप्राप्तिसूं धर्म उत्पन्न हुवे; व अखेरमें अत्यंत सुख मिले हे. हवे अज्ञानी मनुष्य की स्थिति कहे हे.

(अनुष्टुप्.)

शुनः पुच्छमिव व्यर्थं, जीवितं विद्यया विना ॥
न गुह्य गोपने शक्तं, न च दंश निवारणे ॥ ४ ॥

भावार्थः—ज्यूं कुत्ताकी पुच्छ व्यर्थ हे, त्यूं विद्याविना मनुष्यरो जन्म पिण व्यर्थ हे. ज्यूं कुत्तारो पुच्छ आपरा

गुप्त इंद्रिय ढकणनें व दंशकारक जनावरांनें उडावणनें असमर्थ है. वो कोरो तिणनें भार है. त्यूं विद्यारहित मनुष्यको जन्म पिण व्यर्थ है.

इण वास्ते विद्या ओ एक अखूट धन है: खायां खुटे नहीं, किंवा खर्च्यां कमी हुवे नहीं. इण धननें जित्तो खरचे उत्तो दुप्पट हुवण वाळो है. पिण संसारी लोग फक्त द्रव्य संग्रह करण वास्ते रातदिन मेहनत करे है. पिण इण विद्यारूप धननें संग्रह करणरी खटपट करे नहीं. इण धननें संग्रह कर्‍यांसूं इहलोक व परलोक वास्ते घणो फायदो है. आपणामांहे विद्यारो ज्ञान पूर्ण नहीं हुवणसूं बोलणो लिखणो घणो अशुद्ध है आपणामांहे व्याकरण शीखणरी घणी न्यूनता है व व्याकरण शीख्यांविना शुद्ध अशुद्धरो जांणपणो हुवे नहीं. ओर भगवान् पण कह्यो है के:—

"पढमं नाणं तओदया"

अर्थात् पेलीं ज्ञान अनें पछे क्रिया इसो कह्यो है. व्याकरण विना ज्ञान होवे नहीं इसो भगवान् पिण फरमायोहे

(गाथा.)

वयण तियं लिंग तियं, काल तियं तह परोक्खप-

---

(१) व्याकरणात पदशुद्धि, पदशुद्ध्यार्थ निर्णयो भवति॥

अर्थात शुद्धज्ञानं शुद्धज्ञानात भवत् मुक्ति.॥

भावार्थ —व्याकरणसे पदशुद्धि हुवेहे, पदशुद्धि हुणेसूं अर्थ निर्णय हुवेहे. अरे निर्णयसूं शुद्धज्ञान हुवेहे, शुद्धज्ञानसे मुक्ति हुवेहे.

च्चक्खं ॥ उवणय वयण चउक्कं, अजत्थं चेव सोलसमं ॥ १ ॥

भावार्थः—वचन ३ लिंग ३ काल ३ तथा प्रत्यक्ष १० व परोक्ष ११ उपनय वचन चार १५ व अध्यात्म वचन १ एवं १६ ए सोळा वचनरो जाणपणो किया विना अर्थरो ज्ञान हुवे नहीं. ओर कोई एसो केवे के 'व्याकरण तो मिथ्य शास्त्र हे. जिणसूं व्याकरण शास्त्र पढणो नहीं.' ओ केवणो झूट हे. कारण आपणा धर्ममांहे भी व्याकरण मोजूद हे तिणरा नांवः—१ जैनेंद्र व्याकरण २ शाकटायन व्याकरण. ए दो संस्कृत मांहे ओर १ हेमानु शासनका अष्टमाध्याय, २ प्राकृत व्याकरण इ० प्राकृतमांहे. इणतरे आपणा धर्ममांहे व्याकरण मौजूद हूयनें उणारो अभ्यास आपे करा नहीं, आ आपणामांहे वडी खामी हे. अशुद्ध शास्त्र वाचणा ओर धर्मरो पठन पाठन करणो ओ कर्म बंधनरो कारण हे. इरावास्ते अबे आपणा मांहे ठोड ठोड जैनपाठशाळा हुयनें उरामांहे वालक वर्ग शिखे हे. उण शाळा मांहे सूं, अगर दूजी कनासूं टाबरानें व्याकरणरो अभ्यास करायनें शुद्ध बोलणरी ओर लिखणरी प्रवृत्ति राखणी ओ आपणो काम हे. धर्मरो कोई पाठ उच्चारती वखत व शीखती वखत बरोबर रीतसूं पुस्तक मांहे रेवे तिण प्रमाणें शुद्ध उच्चार करणो अशुद्ध बिलकुल शीखणो नहीं.

पुण्य ओर धर्म.

पुण्य ओर धर्म घणा लोक एक माने हे पिण वे न्यारा न्यारा हे. पुण्य नव[1] प्रकार को हे. व धर्म (निर्जरा) १२[2] प्रकार को हे, वे इण पुस्तक मांहे सूं मालम पडजासी. साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविकानें पोषणमांहे एकांत धर्म हे. इराबद्दल आपणा शास्त्र मांहे कह्यो हे के

उत्तमपत्तं साहु, मज्झमपत्तं च सावया भणिया॥
जहन्न पत्तं इवरादि, तिविहं पत्तं मुणे यव्वं ॥ १ ॥

इणप्रमाणें लिख्यो छे. साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका, इणांनें पहिला दो पात्रमांहे लिना छे; ओर तीजा पात्रमांहे ऊपरला चतुर्विध संघनें छोडनें बाकी रहेला साराई अन्यमति लोक जघन्य पात्रमांहे गिण्याछे. अठे फक्त उत्तम पात्रमांहे साधु, साध्वी. मध्यम पात्रमांहे श्रावक, श्राविका, जघन्य पात्रमांहे अन्यमति लोक इणतरे तीन पात्र बताया हे. पिण चोथो कुपात्र कठेई शास्त्रांमांहे बतायो नहीं पिण आपणामांहे पुण्य करती वखत सुपात्र कुपात्ररो घणो विचार करे हे. इण वास्ते गरीब अन्यमति लोकांनें अनुकंपा लायनें जरूर दान करणो. अनुकंपा दान करती वखत कुपात्र सुपात्ररो बिल्कुल विचार करणो नहीं कारण के

---

१ ठाणायागसूत्रका नवमें ठाणे देखो. २ उववाई सूत्र देखो.

अनुकंपा समकितरो मूळ पायोहे. ओर शास्त्रांमांहे दूजा ठिकाणे पिण इणतरे लिख्यो हे के,

मोक्खत्थं जं दाणं, तंपइ एसो विही समक्खाओ॥
अणुकंपा दाणं पुण, जिणेहिं न कयाइ पडिसिद्धं॥ १

इरावास्ते अनाथ लोकांनें दान देवती वखत योग्य अयोग्यरो विचार बिलकुल करणो नहीं. अनुकंपालायने कुपात्रने दान नही देवणो इसो कठेई लिख्यो नहीं, व लाध णार नहीं. दान लेवणवालो किसाहि जातरो आदमी हुयो ओर जो इरामाथे अनुकंपा लायनें उणनें दान देवणो इस भाव हुवा तो उणनें जरूर दान देवणो. दान देवणवालाने अनाथ लोकांमाथे समदृष्टि राखने शक्तिप्रमाणें हरहमेश अनुकंपा लायनें दान देवणरी प्रवृति राखणी. दान लेवणवालो पुरुष दान लेयनें उरो उपयोग योग्य अयोग्य काममांहे करेतो तिणरा फल आगलो भुगतसी. इरा बदल क्रिया देवणवालाने बिलकुल लागे नहीं इसो शास्त्र-मांहे खुलासो हे. जिणतरे मेघ सर्वत्र वर्षे हे योग्य अयोग्य जागारो विचार देखे नहीं इणतरे पिण दान देती वखत योग्य अयोग्य पात्ररो विचार करणो नही.

दान पुण्य माथे आपणी श्रद्धा,

चतुर्विध श्री संघनें दान देवणमांहे एकान्त धर्म उत्पन्न हुवे. असंयति अव्रती अपच्चक्खाणी, मिथ्यात्वीनें अनुकंपा

लायनें दान देवणमांहे एकान्त पुण्य और देशथकी निर्जरा उपजेहै. आपणा साधु मार्गियांकी आ खास श्रद्धाहै इणसूं विपरीत जो है. सो तेरे पंथियां की श्रद्धाहै.

रजस्वला.

रजस्वला स्त्रीनें आपणा शास्त्रमूं स्थानकमांहे आवणकी. अथवा शास्त्र वगैरे सुणणकी मनाई है. सूत्रमांहे दश प्रकारकी औदारिक शरीर वालांकी असज्झाई लिखी है. जिणमूं रजस्वला स्त्रीने व्याख्यान मांहे आवणकी बिलकुल मनाई है. स्त्री रजस्वला रैवे जठाताई सामायिक करणी, नवकार मंत्र, अगर दूसरो कोई शास्त्रको पाठ बोलणो नहीं. रजस्वला स्त्रीका हाथसूं साधु, साध्वी वगैरेने दान लेवणो नहीं. दिगंबर पक्षवाला पिण लिखे है के रजस्वला स्त्रीका हातसूं दान लेवण मांहे घणो दोष है. इस वास्ते काया शुद्ध, वचन शुद्ध, मन शुद्ध करनें पाठ वगैरे को उच्चार व शास्त्र श्रवण करणो.

पाणी.

श्री आचाराङ्गजी शास्त्रमांहे एकवीस तन्हेरा

१ घणो विस्तार सिद्धान्तसारसे देखो   २ ज्यादा विस्तार जैनसम्प्रदाय शिक्षासूं देखो पृष्ठ ७०९

पाणी कह्यो हे. तिन मांहे पाण विधि में पेला अध्ययनरो ७ मों उद्देशो. जिण मांहे २१ प्रकाररा पाणी चाल्या तिणरा नामः—

१ उस्से इमंवा, आटेरो पाणी.
२ संसे इमंवा, अरणीरो पाणी.
३ चाउलो दगंवा, चॉवळरो पाणी.
४ तिल्लोदगं, तिल धोयांगे पाणी.
५ तुस्सोदगं, तुषरो पाणी.
६ जवोदगं, जवॉको पाणी.
७ आयामंवा, उसामणरो पाणी.
८ सोवीरंवा, ऊनी छाछरे उपरलीआछ.
९ सुद्धवीयडंवा, उन्नो पाणी
१० अंवपाणगंवा, आंबागे पाणी
११ अंबाडगपाणगंवा, अंबाडीरो पाणी.
